हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

भारत-पाकिस्तान 2027 के वनडे वर्ल्डकप में 10 अक्टूबर को भिड़ेंगे

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान 2027 वनडे वर्ल्ड कप में 10 अक्टूबर को आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें एक ही ग्रुप में हैं। आईसीसी ने गुरुवार को वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया। टूर्नामेंट 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में पहली बार 14 टीमें हिस्सा लेंगी और 57 मैच खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट का 14वां एडीशन होगा। मुकाबले 12 वेन्यू पर होंगे। मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। -विस्तृत समाचार पेज-9 पर



एशियन गेम्स में भारत ने 12 वें दिन जीते पांच पदक

एशियन गेम्स 2026 के 12वें दिन भारत के लिए कई खेलों में शानदार नतीजे देखने को मिले। भारतीय खिलाड़ियों ने क्रिकेट, हॉकी, तीरंदाजी, गोल्फ और कुश्ती में दमदार प्रदर्शन किया। पुरुष क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां अब उसका सामना पाकिस्तान से होगा।

अब गारंटी...स्कूलों की डुप्लीकेट मार्कशीट, उत्तर पुस्तिका और माइग्रेशन सर्टिफिकेट 60 दिनों में मिलेंगे

माशिमं अब लोकसेवा गारंटी के दायरे में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के स्कूली विद्यार्थियों को अब अगर डुप्लीकेट मार्कशीट लेना हो, परीक्षा की उत्तर पुस्तिका या माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेना हो तो बहुत लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अब यह काम आवेदन देने के 60 दिनों बाद तक हो जाएगा। यही नहीं, अगर 60 दिनों में काम नहीं हुआ को इसके खिलाफ अपील की जा सकेगी और बाकयदा उसकी सुनवाई भी होगी। दरअसल अब सरकार ने माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के दायरे में ला दिया है। यह व्यवस्था पहली बार की गई है।

▶▶| शेष पेज 8 पर

विद्यार्थियों के लिए इन सेवाओं को जारी रखने के लिए

छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत इन सेवाओं को शामिल करते हुए इनके निराकरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा, पदाभिहित अधिकारियों (जिम्मेदार अधिकारियों), सक्षम प्राधिकारियों और अपीलीय अधिकारियों के पदनाम तय कर दिए गए हैं। इस नई व्यवस्था के तहत छात्रों को विभिन्न प्रमाण पत्र और दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अब एक निश्चित समय-सीमा का पालन करना होगा।



इस आदेश से पहले क्या थी स्थिति और अवधि?

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की इन विशिष्ट सेवाओं (जैसे डुप्लीकेट अंकसूची, माइग्रेशन, पुनर्गणना और उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति) को औपचारिक रूप से कानूनी समय-सीमा के दायरे में शामिल करने से पहले मंडल की आंतरिक नियमावली या सामान्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के तहत कार्य किए जाते थे, ▶▶| शेष पेज 8 पर

अब 60 दिनों में मिलेंगे दस्तावेज, देने वाले भी तय

डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए समय-सीमा 60 कार्य दिवस तय है। इसके लिए पदाभिहित अधिकारी सहायक सचिव होंगे। जबकि सक्षम प्राधिकारी उप-सचिव को बनाया गया है। अगर समय पर दस्तावेज नहीं मिले तो इसके खिलाफ अपील भी की जा सकती है। इस काम के लिए अपीलीय अधिकारी सचिव को बनाया गया है। इसी तरह डुप्लीकेट अंकसूची के लिए भी 60 ▶▶| शेष पेज 8 पर

पाक को पछाड़कर हॉकी के फाइनल में भारत

स्क्वैश में भारत की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नागोया

वहीं, पुरुष हॉकी टीम ने भी पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को एशियन गेम्स 2026 में पुरुष हॉकी सेमीफानल खेला गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल में एंट्री कर ली। सिर्फ 50 सेकंड बचे थे, जब अभिषेक ने गोल करके पाकिस्तान को हार थमाई। पाकिस्तान के पास आखिरी सेकंड में एक मौका था लेकिन हूटर बजते ही एक मिस्ड ट्रैप ने उसकी उम्मीदें खत्म कर दीं। फाइनल 3 अक्टूबर को खेला जाएगा जिसमें भारत की टक्कर मलेशिया से होगी। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में भारत ने प्रभावी प्रदर्शन किया है। भारत अब तक अजेय रहा। भारत ने पूल ए में ▶▶| शेष पेज 8 पर

तीरंदाजी में गणेश ने जीता कांस्य



कंपाउंड तीरंदाजी में गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो से 144-148 से हारने के बाद गणेश ने कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया।

कुश्ती में नितेश को रजत

ग्रीको रोमन कुश्ती के पुरुष 97 किग्रा भार वर्ग में नितेश सिवाच ने रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें जापान के युरी नाकाजातो के खिलाफ 0-4 से हार मिली। इसके बावजूद नितेश भारत को रजत पदक दिलाने में सफल रहे। महिला कुश्ती में 62 किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में मानसी को हार का सामना करना पड़ा। मंगोलिया की अल्तजिन तोगतोख ने उन्हें 5-2 से हराया। मानसी ने मुकाबले में 0-2 से पिछड़ने के बाद स्कोर 2-2 से बराबर किया था, लेकिन इसके बाद मंगोलियाई पहलवान ने वापसी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया।

क्रिकेट में श्रीलंका पर रिकॉर्ड जीत

भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 169 रन बनाए। ईशान किशन ने 46 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाए।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹111346/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹135990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹148446/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand jewels
Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

त्योहारी सीजन में हवाई सफर पड़ेगा महंगा

नई दिल्ली। त्योहारों से पहले हवाई यात्रियों के लिए चिंता बढ़ाने वाली खबर है। घरेलू



उड़ानों में इस्तेमाल होने वाला एटीएफ लगातार तीसरे महीने महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी के अनुरूप विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत से 16 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी गई है।

5.69 करोड़ रुपए का एम्फेटामाइन जब्त

इंदौर। राजस्व आसूचना निदेशालय और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने 7.12 किलोग्राम एम्फेटामाइन की अंतरराज्यीय तस्करी की कोशिश नाकाम करते हुए इंदौर में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। खासकर नशे की पार्टियों में इस्तेमाल होने वाले मादक पदार्थ की जब्त खेप की कीमत करीब 5.69 करोड़ रुपए आंकी गई है। संयुक्त दल ने कर्नाटक के पंजीकरण नंबर वाली महिंद्रा थार गाड़ी को 30 सितंबर को तड़के उज्जैन-देवास टोल प्लाजा के पास रुकने के लिए कहा।

कमर्शियल सिलेंडर के दाम 62.59 रुपए बढ़े

नई दिल्ली। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के



दाम में 62.59 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सितंबर में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर पर 9.50 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले जुलाई और अगस्त में लगातार दो महीनों में इसकी कीमत क्रमशः 183.50 रुपए और 192 रुपए घटाई गई थी।

प्यार का झांसा देकर इतालवी महिला से ठगे 1,000 यूरो

गुरुग्राम। इटली की एक महिला ने गुरुग्राम साइबर पुलिस से शिकायत की है कि गुरुग्राम के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर प्यार का झांसा देकर उससे 1,000 यूरो ठग लिए। महिला ने आरोप लगाया कि व्यक्ति ने उससे शादी करने का झूठा इरादा जताया था और पैसे मिलने के बाद उससे सारे संपर्क तोड़ लिए। इटली में दर्ज शिकायत पर समय पर कार्रवाई नहीं होने से निराश महिला पाओला बर्तोलिनी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची और गुरुग्राम साइबर पुलिस से संपर्क किया।

फ्लाईदुबई के कॉकपिट हमले में घायल भारतीय पायलट को लाया गया दुबई

जांबाज पायलट स्मित को किया एयरलिफ्ट, यूएई करेगा जांच

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया हीरो, ट्रंप ने की तारीफ

इजरायल पीएम ने आरोपी के प्रत्यर्पण की मांग रखी

एजेंसी ▶▶| दुबई

30 सेकंड में 14,000 फीट नीचे गिरता विमान, खून से लथपथ भारतीय पायलट... लेकिन जख्मी हालत में भी कैप्टन स्मित मच्छार ने जो किया, उसे दुनिया याद रखेगी। पीएम मोदी ने उन्हें हीरो बताया। नेतन्याहू ने उन्हें सलाम किया और ट्रंप ने तारीफ की। इस बीच, घायल भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार को अब आगे के इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दुबई लाया गया। इधर, संयुक्त अरब अमीरात ने उड़ान में हुई उस घटना की जांच शुरू कर दी। वहीं, इजरायल ने आरोपी के प्रत्यर्पण की मांग रखी है।

विमान के कॉकपिट में सह-पायलट के साथ हुई चाकूबाजी में कैप्टन गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके बावजूद उन्होंने संकट की घड़ी में विमान और उसमें सवार यात्रियों को बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए। विमान को बाद में सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। अब स्मित मच्छार को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए दुबई एयरलिफ्ट किया गया। भारतीय पायलट की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। इस घटना में घायल कैप्टन तक चिकित्सा सहायता पहुंचना भी बेहद अहम रहा।

विमान में मौजूद डॉक्टर ने उनका इलाज किया और बताया गया कि उन्हें गंभीर चोटें आई थीं तथा काफी खून बह गया था। हेलिट बारेल के मुताबिक, विमान में अतिरिक्त चालक दल के सदस्यों की मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण बात रही। संकट के दौरान इन लोगों की मदद से विमान को सुरक्षित संभालने और घटना को आगे बढ़ने से रोकने में सहायता मिली। ▶▶| शेष पेज 8 पर

हमला कब और कैसे शुरू हुआ?

दुबई से इजरायल जा रही फ्लाइट में 174 यात्री और क्रू सवार थे। इनमें 27 बच्चे भी थे। सब कुछ सामान्य चल रहा था। उड़ान को लगभग दो घंटे हो चुके थे। तभी ओमानी को-पायलट ने अचानक कैप्टन स्मित पर चाकू से हमला कर दिया और विमान के सिस्टम को तबाह करने की कोशिश की। हमले के साथ ही विमान 30 सेकंड से भी कम समय में करीब 14,000 से 17,000 फीट नीचे आ गया। यात्री हवा में उछलने लगे। शुरुआती जांच के अनुसार, ▶▶| शेष पेज 8 पर



पीएम मोदी ने मच्छार के परिवार से की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार की पत्नी और माता-पिता से फोन पर बात की और उनकी बहादुरी की सराहना की। पायलट की पत्नी और उनके माता-पिता के साथ फोन पर बातचीत में मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय मिशन घायल पायलट को हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने पायलट की बहादुरी की तारीफ की, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान बची। इससे ▶▶| शेष पेज 8 पर

गुजरात सरकार देगी पुरस्कार

गुजरात सरकार ने 'फ्लाईदुबई' उड़ान में चाकू के वार से घायल होने के बावजूद विमान को गिराने के अपने सह-पायलट के कथित मंसूबों पर पानी फेरने वाले पायलट स्मित मच्छार को अदम्य बहादुरी के लिए 'विशिष्ट गुजरात गरिमा पुरस्कार' से सम्मानित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इजराइल जाने वाली उड़ान के पायलट ▶▶| शेष पेज 8 पर

इजरायल ने विमान गिराने की कर ली थी तैयारी

देश की सरकार, सेना से लेकर सुरक्षा एजेंसियों तक अलर्ट मोड़ में आ गईं और चर्चा शुरू हुई कि संकट से कैसे निपटा जाए। बहुत तेजी से हालात पर चर्चा करते हुए देश के नेतृत्व ने कम से कम तीन तरीकों पर बढ़ने का फैसला लिया। हालांकि इनमें से किसी की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि विमान सुरक्षित तरीके से सऊदी में उतर गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना ने सिग्नल मिलने के बाद कई तरह की स्थितियों के लिए तैयारी की। इसमें 9/11 जैसी किसी स्थिति से बचने के लिए प्लेन को मार गिराने तक पर चर्चा कर ली थी। इजरायली एयरफोर्स ने फाइटर जेट को तैनात करने और एक खास ▶▶| शेष पेज 8 पर

महा-विवाद सुलझाने शाह के साथ बैठे दोनों सीएम

सीएम साय बोले- महानदी बांटने वाली नहीं, जोड़ने वाली जीवनधारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद के समाधान को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने-अपने राज्यों का पक्ष रखा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, केंद्रीय जल आयोग ▶▶| शेष पेज 8 पर

- अमित शाह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ ओडिशा की उच्चस्तरीय बैठक

खास खबर

हीराकुंड के हितों का भी सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ अपने हितों की बात करते हुए ओडिशा की जरूरतों और हितों का भी सम्मान करता है। हीराकुंड जलाशय ओडिशा की जीवनरेखा है और छत्तीसगढ़ उसके महत्व को समझता है। उन्होंने कहा, जल उपलब्धता, जरूरत और उपयोग से संबंधित आंकड़ों को ▶▶| शेष पेज 8 पर

केंद्र की पहल से बढ़ी उम्मीद

साय ने अमित शाह की पहल का स्वागत करते हुए कहा, केंद्र की मध्यस्थता में दोनों राज्यों के बीच सकारात्मक संवाद से सहमति का रास्ता मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, जटिल और लंबे समय से लंबित विषयों का समाधान संवाद, विश्वास और सहकारी संघवाद की भावना से संभव है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की मध्यस्थता और केंद्रीय जल आयोग के वैज्ञानिक एवं तकनीकी आकलन पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, जल उपलब्धता, वर्तमान और भविष्य की जरूरतों, सिंचाई, पेयजल, पर्यावरण ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद सारंगढ़ में 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर हरिभूमि-आईएनएच द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से शुक्ला मैरिज पैलेस बरमकेला रोड सारंगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले में किए गए विकास कार्यों एवं आने वाले समय में प्रगति की संभावनाओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अफसरों से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में



डॉ. हिमांशु द्विवेदी | टंकराम वर्मा | गजेन्द्र यादव

राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, रायगढ़ सांसद राधेश्याम ▶▶| शेष पेज 8 पर

घाट पेंडारी के घाट पर पलटा ट्रक, 1.19 करोड़ का 238 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर

जिले के थाना चंदौरा पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए घाट पेण्डारी घाट में पलटे एक ट्रक से करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपये कीमत का 238 किलो 290 ग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करों ने गांजे को प्लास्टिक दाना की बोरियों के साथ छिपाकर ले जाने की कोशिश की थी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया

- प्लास्टिक दाना की आड़ में ओडिशा से लखनऊ ले जा रहे थे गांजा



है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम घाट पेंडारी के मुख्य घाट पर ट्रक क्रमांक यूपी 13 टी 5497 पलट गया है। ट्रक में लदा प्लास्टिक दाना ▶▶| शेष पेज 8 पर

ओडिशा से लखनऊ ले जा रहे थे गांजा

विवेचना के दौरान पुलिस ने फरार आरोपी सुनील कुमार आ. लक्ष्मण सिंह (32 वर्ष) निवासी इंद्रानगर खैरी रोड, थाना देहली गेट, जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि ट्रक अलीगढ़ निवासी उसके साथी के नाम पर पंजीकृत है और वह साझेदारी में ट्रक का ▶▶| शेष पेज 8 पर

हर साल मार्च महीने में एक- दो रुपए किलो की वजह से किसान फेंक देते थे टमाटर

बारिश में डूबी टमाटर की नर्सरी, दिसंबर में महंगी होगी 'चटनी'

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में पिछले सप्ताह हुई रिकार्ड बारिश ने सब्जी की फसलों को काफी क्षति पहुंचाई है। सबसे ज्यादा नुकसान टमाटर की खेती को पहुंचा है। टमाटर की नर्सरी पूरी तरह डूब गई और तबाह हो गई है। हालात ऐसे हैं कि 60 प्रतिशत किसानों को अब फिर से टमाटर के पौधे लगाने पड़ रहे हैं। इस नई पौध को तैयार होने और उसे मंडी में आने में तीन महीने का समय लगेगा। जो नर्सरी अभी खराब हुई है, उसमें दिसंबर महीने में टमाटर निकलता लेकिन अब नए पौधे से तीन से चार महीने देरी के बाद टमाटर निकलेगा। यानी फरवरी-मार्च में टमाटर की ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर



किसानों ने कहा

महंगा होगा नए सीजन का टमाटर

धमधा क्षेत्र के टमाटर उत्पादक डोमा के किसान संदीप सोलंकी, पथरिया के किसान लीमन साहू, भाठाकोकड़ी के किसान नेतराम, कन्हारपुरी के किसान पोखराज, अलखूराम, परसुली के किसान लालाराम, रमेश कुमार, घोटा के किसान रामाधार, रामावतार, तुमाखुर्द के किसान थानू राम पटेल आदि ने बताया कि टमाटर की नर्सरी ▶▶| शेष पेज 8 पर

एक्सपर्ट व्यू

कृषि वैज्ञानिक वीके जैन ने टमाटर उत्पादक किसानों को भारी बारिश के बावजूद बचे टमाटर की पौध पर 19:19 दवाई का छिड़काव करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि इस दवा से मृतप्राय हो रहे पौधों को ग्रोथ मिलेगा। जो पौधे सड़-गल गए हैं उनकी जगह किसान तैयार पौधे लगाएं। ये पौधे जल्दी से पैदावारी दे सकते हैं। इससे उनका एक महीने का समय बच सकता है।

इस बार एक-दो रुपए किलो में टमाटर नहीं

किसानों ने बताया कि फरवरी के अंतिम और मार्च महीने में टमाटर की पैदावारी ज्यादा हो जाती है। इसलिए कि मौसम बदली का रहता है और इससे टमाटर एक साथ पकते हैं। जिसकी वजह से पैदावारी अधिक होती है और मंडी में खपत कम। इसलिए मंडी में टमाटर एक से दो रुपए किलो बिकता है। किसानों का तुड़वाई खर्च ही इतना आ जाता है। इसलिए टमाटर को फेंकने या फिर मवेशियों को खिलाने की नौबत आती है। किसानों का मानना है कि इस बार ऐसी स्थिति नहीं आएगी। जो पौधे अभी लगाए जा रहे हैं उसमें टमाटर फरवरी-मार्च महीने में निकलना शुरू होगा।

एमडीआर को लेकर केंद्रीय वित्तमंत्री से मिले व्यापारी, दो संगठनों ने नो यूपीआई डे का फैसला लिया वापस

कैट व अन्य व्यापारिक संगठनों ने छोटे और मध्यम कारोबारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार की चिंता रखी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित 4.0 मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर व्यापारिक संगठनों ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों से वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्तमंत्री से मुलाकात कर एमडीआर के संभावित प्रभावों से अवगत कराया। व्यापारियों ने एमडीआर से छोटे और मध्यम कारोबारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक भार की चिंता रखी। बैठक के बाद दो व्यापारिक संगठनों ने 2 अक्टूबर को प्रस्तावित नो यूपीआई डे का आव्हान वापस ले लिया। कैट के नेशनल राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि 2000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर देशभर के व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बीच नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ व्यापारिक नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई।



बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष धैर्यशील पाटिल, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन कैलाश लाखयानी तथा ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा सहित विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई प्रमुख व्यापारिक नेता शामिल थे।

बैठक के बाद ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स फेडरेशन और ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने 2 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित "नो यूपीआई डे" के आव्हान को वापस लेने का निर्णय लिया है। कैट ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार और व्यापारिक संगठनों के बीच संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ना सकारात्मक संकेत है। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि यूपीआई ने देश में डिजिटल भुगतान को नई गति दी है और व्यापारियों तथा ग्राहक दोनों के लिए भुगतान को सरल एवं सुविधाजनक बनाया है। ऐसे में व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। श्री पारवानी ने कहा कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए भुगतान की लागत सीधे उनके व्यवसाय की लाभप्रदता से जुड़ी होती है, इसलिए किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले व्यापारिक संगठनों से चर्चा और उसके व्यावहारिक प्रभाव का आकलन जरूरी है। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त मंत्रालय द्वारा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनने तथा सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखने के आश्वासन का स्वागत किया है।

वैट राशि काटे बिना चेक जारी, मामले में सचिव से हाईकोर्ट ने मांगा शपथ पत्र

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने सत्यप्रकाश पांडेय बनाम छत्तीसगढ़ राज्य मामले में संबंधित प्राधिकरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर गंभीर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को निर्धारित करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव से शपथ पत्र पर जवाब मांगा है। मामले में आरोप है कि 34, 57, 904 रुपये की वैट राशि काटे बिना विभिन्न फर्मों के पक्ष में 2, 68, 18, 838 रुपए के चेक जारी किए गए। आवेदक के खिलाफ अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। आवेदक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने अधिवक्ता साक्षी छाबड़ा के साथ पैरवी करते हुए कहा कि संबंधित चेक उस समय राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला परियोजना समन्वयक एवं अंबिकापुर के जिला कलेक्टर रहे आवेदक के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी हुए थे। मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की अदालत में हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता ने राजीव श्रीवास्तव कोर्ट को बताया कि आवेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि कथित चेक पर काउंटर साइन करने वाले तत्कालीन कलेक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर कोर्ट ने 18 सितंबर के आदेश का उल्लेख करते हुए गृह विभाग के सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया था कि संबंधित प्राधिकरण के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। 28 सितंबर की सुनवाई में राज्य की ओर से डिप्टी एडवोकेट जनरल डॉ. सौरभ पांडे ने कहा कि निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को दिया जाना चाहिए था, क्योंकि एंटी करप्शन ब्यूरो सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन है। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के आदेश का अर्थ संबंधित अधिकारी या प्राधिकरण स्वयं तय नहीं कर सकता। अब मामले की अगली सुनवाई बुधवार 7 अक्टूबर 2026 को होगी, जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब मांगा गया है।



हाईकोर्ट ने ननद व भाभी के बीच 21 लाख रुपए के लेनदेन को नहीं माना वैवाहिक विवाद

पारिवारिक रिश्ता होने से मामला फैमिली कोर्ट के दायरे में नहीं आता

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर



हाईकोर्ट के जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू और जस्टिस सुषमा सावंत की डिवीजन बेंच ने ननद और भाभी के बीच 21 लाख रुपए के लेनदेन विवाद को वैवाहिक विवाद नहीं माना है। डिवीजन बेंच ने कहा कि केवल पारिवारिक रिश्ता होने से मामला फैमिली कोर्ट के दायरे में नहीं आ जाता। विवाद का आधार सीधे वैवाहिक रिश्ते से जुड़ा होना चाहिए। हाईकोर्ट ने रायपुर फैमिली कोर्ट के उस फैसले को सही माना, जिसमें ननद की ओर से प्रस्तुत किए गए लेनदेन के केस को रजिस्टर करने से इनकार कर दिया गया था।

रायपुर की रहने वाली रुचि पसारी ने अपनी भाभी राधिका गुप्ता के खिलाफ फैमिली कोर्ट में स्त्रीधन वापस करने के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि कि साल 2014 से 2016 के बीच अलग-अलग बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए उन्होंने भाभी को कुल 47 लाख रुपए दिए थे। यह रकम उनकी खुद की कमाई और स्त्रीधन का हिस्सा था। यह रकम उन्होंने भरोसे और कर्ज के रूप में दी थी। इसमें से भाभी ने 26 लाख 10 रुपए वापस कर दिए, लेकिन 20 लाख 99 हजार 990 रुपए वापस नहीं मिले। ननद ने बाकी रकम 12 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने की मांग की थी। इसके अलावा कथित झूठी और परेशान करने वाली आपराधिक शिकायतों के कारण मानसिक परेशानी और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाते हुए 20 लाख रुपए मुआवजे की भी मांग की थी। लेकिन फैमिली कोर्ट ने आवेदन को रजिस्टर करने से ही इनकार कर दिया। कहा कि ननंद और भाभी के बीच का विवाद किसी वैवाहिक रिश्ते की वजह से नहीं हुआ है, इसलिए फैमिली कोर्ट में यह मामला सुनवाई योग्य नहीं है। इसके खिलाफ रुचि ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट की धारा 7 (1) के तहत फैमिली कोर्ट को उन्हीं मामलों में अधिकार मिलता है, जिनका सीधा संबंध विवाह या वैवाहिक रिश्ते से हो। कानून में 'वैवाहिक संबंध' शब्द का इस्तेमाल पति-पत्नी के बीच कानूनी अधिकारों, दायित्वों और संबंधों के संदर्भ में किया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट की धारा 7(1) के तहत फैमिली कोर्ट को उन्हीं मामलों में अधिकार मिलता है, जिनका सीधा संबंध विवाह या वैवाहिक रिश्ते से हो। कानून में 'वैवाहिक संबंध' शब्द का इस्तेमाल पति-पत्नी के बीच कानूनी अधिकारों, दायित्वों और संबंधों के संदर्भ में किया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों का रिश्ता ननद और भाभी का है। यह पारिवारिक रिश्ता जरूर है, लेकिन इस विवाद को धारा 7 (1) के तहत 'वैवाहिक रिश्ता' नहीं माना जा सकता।

हाईकोर्ट में पीएससी मेंस की गड़बड़ी साबित नहीं कर सका अभ्यर्थी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2025 की मुख्य परीक्षा के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले अभ्यर्थी हाईकोर्ट में अपना दावा साबित नहीं कर सके। याचिकाकर्ता यह भी नहीं दिखा पाए कि निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार से बाहर रखा गया। इस आधार पर जस्टिस बीडी गुरु की सिंगलबेंच ने दोनों याचिकाएं खारिज कर दी।

याचिकाकर्ताओं ने 31 अगस्त 2026 को घोषित मुख्य परीक्षा के परिणाम को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि 265 पदों के लिए 1:3 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना चाहिए था, जबकि केवल 608 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। उन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच की मांग की थी। आयोग ने कोर्ट को बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 33 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के लिए 23 प्रतिशत अंक अनिवार्य थे। कई अभ्यर्थी यह शर्त पूरी नहीं कर सके, इसलिए चयनित अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित अनुपात तक नहीं पहुंची। आयोग ने इसे तकनीकी या मानवीय त्रुटि मानने से इनकार किया। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी साबित नहीं कर सकें। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के राम विजय सिंह मामले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि विशेषज्ञों के मूल्यांकन में अदालत सामान्यतः हस्तक्षेप नहीं कर सकती। नियमों में पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होने और स्पष्ट गड़बड़ी सामने नहीं आने पर केवल कम अंक या संदेह के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच का आदेश नहीं दिया जा सकता।

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति के पितृपक्ष के बाद ही आने की संभावना

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के अभी पितृपक्ष तक आने की संभावना नहीं है। इसी के साथ प्रदेश के नए संगठन महामंत्री कर्मवीर का भी अभी आना तय नहीं है। उनका यहां पर नवरात्रि के आसपास या फिर उसके बाद आगमन होगा। इसी के साथ पवन साय भी अभी झारखंड नहीं जा रहे हैं। वर्तमान में सभी राज्यों में सेवा संकल्प अभियान भी चल रहा है। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के समापन के बाद ही नए पदाधिकारी अपने-अपने नए राज्यों में जाएंगे। छत्तीसगढ़ को आठ माह बाद नया प्रदेश प्रभारी मिला है। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से ही प्रदेश प्रभारी का जिम्मा उनके पास था। बीते माह राष्ट्रीय संगठन ने कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी और सहप्रभारी घोषित किए, इनमें छत्तीसगढ़ में स्मृति ईरानी को नया प्रभारी और सिद्धार्थ शंभू को नया सहप्रभारी बनाया गया है। नए प्रभारियों और सह प्रभारियों की दिल्ली में 29 सितंबर को हुई बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी और सहप्रभारी के आने की संभावना थी।



बिलासपुर

शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी

वर्ष : 26, अंक : 192

पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 32.6

न्यून. 24.1



9 एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आजकल

2 मुफ्तखोरी क्या वैश्विक समस्या बनेगी

80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त बस पास की पहल विश्व रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क बस पास उपलब्ध कराने की परिवहन विभाग की पहल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। विभाग के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की सार्वजनिक परिवहन तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई इस व्यवस्था को विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता मिली है।

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि को प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित करते हुए कहा कि यह केवल विभाग का रिकॉर्ड नहीं, बल्कि बुजुर्गों के सम्मान से जुड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में परिवहन व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने के साथ उसे संवेदनशील बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों ने अपने अनुभव और योगदान से समाज और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उम्र के इस पड़ाव में स्वास्थ्य, पारिवारिक और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में सार्वजनिक परिवहन में निशुल्क यात्रा की सुविधा उनकी दैनिक जरूरतों को आसान बनाने की दिशा में एक कदम है।



गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की पहल को मिली जगह

450 गांव पहली बार बस सेवा से जुड़े

परिवहन विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत 69 चयनित मार्गों पर बस संचालन से 450 नए गांव पहली बार यात्री बस सुविधा से जुड़े हैं। वर्ष 2026-27 में 200 नई बसों के संचालन की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। विभाग का कहना है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक सार्वजनिक परिवहन की पहुंच बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा को इसी व्यापक व्यवस्था का हिस्सा बताया गया है।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में जंगल सफारी शुरू

उमरिया। मध्यप्रदेश के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में तीन महीने के इंतजार के बाद गुरुवार को जंगल सफारी की शुरुआत हो गई। मानसून के चलते पिछले तीन महीने से कोर क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बंद थी। सफारी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जंगली हाथियों की गतिविधियों के बावजूद सफारी जारी रहेगी।



एक करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में दो लोगों के कब्जे से करीब एक करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिले के बिद्यारत्नपुर इलाके में 8,000 याबा टैबलेट जब्त कीं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक पोस्ट में कहा, ''मुझे पकड़ सकते हो तो पकड़ो? कछार पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया।

विचाराधीन कैदी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

जयपुर। जयपुर जिला जेल में एक विचाराधीन कैदी ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चाकसू निवासी मनीष रैगर (22) के रूप में हुई है। वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) के एक मामले में मई 2026 से जेल में बंद था। मनीष जेल परिसर में स्टोर के पास बने स्थान पर फंदे से लटक गया।



एम्बुलेंस से 83 किलोग्राम गांजा किया गया बरामद

सिमडेगा। झारखंड के सिमडेगा जिले में एक एम्बुलेंस से 83 किलोग्राम गांजा बरामद किए जाने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ की कथित तौर पर ओडिशा से तस्करी की जा रही थी और इसे रांची पहुंचाया जाना था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सिमडेगा से एम्बुलेंस के जरिए गांजा की तस्करी की जा रही है।

अफसर बनकर दंपती ने की 27 लाख की ठगी

सीतापुर। सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को सस्ते नीलामी वाले सोने की व्यवस्था करने और खराब नोटों को बदलने के बहाने 27 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में यहां एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान कन्नौज निवासी रोहित बाजपेई और उसकी पत्नी अनु बाजपेई उर्फ चंद्रा के रूप में हुई, जो नेपाल के चितवन की मूल निवासी है।

शेयर बाजार में लगातार गिरावट, सेंसेक्स 571 अंक और टूटा

25 साल में पहली बार आठवें हफ्ते भी गिरा बाजार, डूबे 6 लाख करोड़!

विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली, बॉण्ड पर ऊंचे प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए।

यह लगातार 8वां हफ्ता है, जब सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई है। ऐसा बीते 25 सालों में पहली बार हुआ है, जब मार्केट लगातार 8 हफ्ते तक गिरा है। ऐसे में निवेशकों के करीब 6 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीएसई सेंसेक्स 570.59 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,909.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,187.41 अंक तक टूटकर 71,292.88 अंक के नए 52-सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,421.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इटर्नल में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 10,148.41 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बुधवार तक लगातार पांच कारोबारी सत्रों में एफआईआई 34,203.14 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेच चुके हैं।

पांच कारोबारी सत्रों में एफआईआई 34,203.14 करोड़ के शेयर बेच चुके

एफआईआई की बिकवाली

विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से जारी लगातार बिकवाली भारतीय शेयर बाजार के लिए सबसे बड़ा दबाव बनी हुई है। 30 सितंबर को एफआईआई ने अपनी बिकवाली के सिलसिले को लगातार पांचवें सत्र में आगे बढ़ाते हुए भारतीय शेयरों से 10,148 करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड निकासी की। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी. के. विजयकुमार के अनुसार, 'पिछले दो कारोबारी दिनों में एफआईआई की बिकवाली काफी तीव्र रही है, जहां उन्होंने कुल 20,128 करोड़ के शेयर बेचे हैं। अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड के बढ़कर 5.3% पर पहुंचने के कारण विदेशी निवेशकों की यह बिकवाली आगे भी जारी रह सकती है।



कच्चे तेल का दिखा असर

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका में बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और रुपये में तेज गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ने के कारण भारतीय शेयरों में भारी बिकवाली हुई।

आज बंद रहेगा शेयर बाजार

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 1,986.04 अंक यानी 2.68 प्रतिशत और निफ्टी 718.55 अंक यानी 3.10 प्रतिशत नीचे आया है। सेंसेक्स सितंबर में 4,476.98 अंक यानी 5.81 प्रतिशत और निफ्टी 1,459.95 अंक यानी छह प्रतिशत टूट चुका है। 'गांधी जयंती' के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। सेंसेक्स बुधवार को 48.78 अंक यानी 0.07 प्रतिशत टूटकर 72,480.29 अंक पर और निफ्टी 95.75 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,620.45 अंक पर बंद हुआ था।

सबसे लंबी गिरावट का दौर

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के संपत्ति प्रबंधन शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निफ्टी-50 पिछले आठ सप्ताह में 7.9 प्रतिशत गिर चुका है। यह 2020 के बाद से इसकी सबसे लंबी गिरावट का दौर है और सूचकांक छह महीने के निचले स्तर पर आ गया है। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए।

निवेशकों के 6.09 लाख करोड़ स्वाहा

एक कारोबारी दिन पहले यानी 30 सितंबर 2026 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 4,73,09,634.31 रुपए करोड़ था। आज यानी 1 अक्टूबर 2026 को यह घटकर 4,67,00,531.28 करोड़ रुपए रह गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी में आज 609,103.03 रुपए करोड़ की गिरावट आई है।

यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट

यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए थे। शोध विश्लेषक कंपनी एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, अमेरिका में 10 साल के बाण्ड पर ब्याज दर बढ़कर करीब 5.34 प्रतिशत होने से डॉलर में निवेश का आकर्षण बढ़ा है और उभरते बाजारों के शेयरों के मूल्यांकन पर दबाव बढ़ा है।

देशभर में 176 दफा साइबर फ्रॉड, एक खाते से डेढ़ लाख को ठगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

साइबर ठगी के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस को अंतर्राज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क के मुख्य सरगना को पश्चिम बंगाल में पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें से एक को 176 साइबर अपराधों का मास्टर माइंड बताया गया है। ठगों ने एक वर्चुअल बैंक खाता बनाया था। इस अकेले खाते के जरिये 1 लाख 71 हजार से भी ज्यादा लोगों को ठगा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ⏭शेष पेज 8 पर

खास खबर

विभिन्न राज्यों में दर्ज है मामले

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के इस फर्जी वर्चुअल खाते के विश्लेषण से देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज एफआईआर का विवरण मिला है। जिसमें कर्नाटक 54, बिहार 46, तेलंगाना 28, उत्तरप्रदेश 10, केरल 8, महाराष्ट्र 7, हरियाणा व तमिलनाडु 6- 6, दिल्ली 4, पश्चिम बंगाल 3, अंडमान निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, ⏭शेष पेज 8 पर

पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे

पुलिस के अनुसार थाना खड़गांव में दर्ज अपराध धारा 318(4) बीएनएस के तहत आरोपियों द्वारा पीड़ित से ठगी की गई कुल रकम 3 लाख 12 हजार 348 रुपए को अलग-अलग 9 बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। तकनीकी विश्लेषण और जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों ने एक वर्चुअल बैंक खाता संख्या 211071614 बनाकर उसमें अकेले 60,000 रुपए ट्रांसफर किए थे। इसी वर्चुअल बैंक खाते का ⏭शेष पेज 8 पर

एनसीईआरटी का नया पाठ्यक्रम

कक्षा नवमीं के छात्र पढ़ेंगे इनकम टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने कक्षा-9 के पाठ्यक्रम में व्यक्तिगत आयकर को शामिल किया है और ईमानदारी से कर चुकाने को नागरिकों का एक महत्वपूर्ण दायित्व बताने वाला संदेश भी दिया गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के छह महीने बाद, मंगलवार को 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉन्ड-पार्ट 2' शीर्षक से किताब जारी की गई। पाठ्यपुस्तक का पहला भाग जून में जारी किया गया था। एनसीईआरटी प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी के अनुसार, अब छात्र नयी व्यवस्था के तहत कर स्लैब के हिसाब से आयकर की वास्तविक गणना को समझ सकते हैं – इस आयु के बच्चों (कक्षा 9) के लिए यह पहली बार है – और इसके साथ ही उन्हें शिक्षाप्रद जानकारी दी गई है।



खास खबर

टैक्स की जानकारी सिर्फ गणना तक सीमित नहीं

पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भारत आयकर की गणना के लिए स्लैब प्रणाली का पालन करता है, जैसा कि सारणी में दिखाया गया है। इसके बाद नयी कर व्यवस्था के तहत कर स्लैब का एक चार्ट दिया गया है। इसे एक अप्रैल, 2023 से 'डिफ़ॉल्ट' कर व्यवस्था बना दिया गया, जिसका मतलब है कि करदाताओं को अपने-आप इसमें शामिल कर लिया जाता है, जब तक कि वे खास तौर पर पुरानी व्यवस्था को न चुनें। इस अध्याय में 'व्यक्तिगत वित्त स्तंभों' पर एक और खंड है, जिसमें हर स्तंभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है- जैसे आय, खर्चों की योजना, बचत, निवेश और सुरक्षा व जोखिम प्रबंधन।

पर्सनल फाइनेंस के यह पहलू भी पढ़ेंगे छात्र

इस अध्याय में पिलर्स ऑफ पर्सनल फाइनेंस के तहत व्यक्तिगत वित्त के अलग-अलग हिस्सों को समझाया गया है। इसमें आय, बजट बनाना, बचत, निवेश और सुरक्षा एवं खतरे का प्रबंध शामिल है। इसके अलावा शुरुआती निवेश की अहमियत बताते हुए फिक्स्ड डिपॉजिट, बॉन्ड, स्टॉक और म्युचुअल फंड जैसे निवेश ऑप्शन का भी जिक्र किया गया है। किताब के अनुसार व्यक्ति आज जो वित्तीय फैसला लेता है, इसका असर उनके फ्यूचर पर की आर्थिक स्थिरता पर भी पड़ता है.।

धान की फसल बचाने खेत में लगाया था तार, दो बैटरियों से दिया जा रहा था करंट

बैटरी के करंट से मादा हाथी शावक की मौत, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

उदयपुर वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-2027 अलकापुरी करम कठरा जंगल में बुधवार रात करंट लगने से करीब चार वर्षीय मादा हाथी शावक की मौत हो गई। जंगल राष्ट्रीय राजमार्ग-130 से करीब 200 से 300 मीटर दूर है। शावक किसान के खेत में लगाए गए झटका तार की चपेट में आ गया। मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग के अनुसार अलकापुरी निवासी आशीष एक्का (28) और राजू एक्का (30) ने धान की फसल को हाथियों से बचाने के लिए खेत की बाड़ी के चारों ओर झटका तार लगाया था। तार में 12-12 वोल्ट की दो बैटरियों को जोड़कर कुल 24 वोल्ट का करंट प्रवाहित किया जा रहा था। रात करीब 3 बजे हाथियों का दल जंगल में पहुंचा। ⏭शेष पेज 8 पर



27 हाथियों का दल डटा

घटना के बाद क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। वर्तमान में उदयपुर वन क्षेत्र में 27 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें 14 हाथियों का एक दल, 12 हाथियों का दूसरा दल और एक अकेला लोनर हाथी शामिल है। शावक की मौत के बाद हाथियों के आक्रामक होने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। हाथियों का दल पिछले एक माह से अधिक समय से अलकापुरी, रामनगर, पूरा, बेलडाब, चकेरी, मानपुर, महेशपुर सायर, कुंडेवा और केदमा सहित आसपास के दर्जनों गांवों में विचरण कर रहा है। इस दौरानसैकड़ों किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है और कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

जहरीली गैस की चपेट

जहाज पर चोरी की कोशिश में चली गई चार की जान

मुंबई। मुंबई के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी झंडे वाले जहाज पर चोरी करने की कोशिश के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिस जहाज पर यह घटना दो-तीन दिन पहले हुई। वह तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण चार महीने पहले फंस गया था। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, एक गिरोह पिछले एक महीने से फंसे हुए जहाज को बार-बार निशाना बना रहा था।



दिल्ली कोर्ट का बड़ा एक्शन

यासीन मलिक, इंजीनियर रशीद समेत पांच पर तय होंगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने अलगाववादी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर प्रतिबंधित संगठन जेकेएलएफ के जेल में बंद प्रमुख यासीन मलिक, अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह, बारामुला सांसद शेख अब्दुल रशीद और चार अन्य के खिलाफ धनशोधन के आरोप तय करने का आदेश दिया है। उन पर हवाला के जरिये अपनी गतिविधियों के लिए धन जुटाने का आरोप है।



क्या है मामला

ईडी का यह मामला 2017 के एनएआई के मामले से संबंधित है। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि आरोपी अपनी विचारधारा और अलगाववाद का प्रसार करने के लिए हवाला के जरिए पाकिस्तानी प्रतिष्ठान से तथा अन्य आतंकवादी संगठनों से धन प्राप्त करने में शामिल थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बदले क्रिकेट के नियम

समय बर्बाद करने पर पेनल्टी, रन आउट पर नई गाइडलाइन

एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट के लिए कई नए नियमों की घोषणा की है। ये बदलाव 1 अक्टूबर या उसके बाद शुरू होने वाली सभी इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। अब बल्लेबाजों के लिए जानबूझकर समय बर्बाद करना महंगा पड़ सकता है। पहली बार देरी करने पर चेतावनी मिलेगी तो दूसरी बार अंतिम चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद हर गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे।

तालमेल बिठाने की कोशिश

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि खेल को वर्तमान समय के साथ तालमेल बिठाने में मदद करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। खेल की शर्तों (प्लेइंग कंडीशंस) में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें क्रिकेट गेंदों से संबंधित प्रावधान, फील्डिंग के कुछ पहलुओं के बारे में उपाय शामिल हैं।



गेंद के साइज का गाइडलाइन

नए नियमों के तहत पुरुषों, महिलाओं और जूनियर क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन के तीन अलग-अलग मानक तय किए गए हैं। पुरुषों के क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली नई गेंद का वजन156-163 ग्राम और घेरा 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर के बीच होना चाहिए।

आईसीसी ने किया बदलाव

- **ओवरथ्रो की नई परिभाषा :** सिर्फ रन आउट रोकने के लिए स्टंप्स की ओर किया गया थ्रो ओवरथ्रो माना जाएगा। सामान्य मिसफील्ड या खिलाड़ी गेंद पास कर रहे हैं तो उसे ओवरथ्रो नहीं माना जाएगा।
- **बॉल फाइनल सेटल होने का नियम :** गेंद का विकेटकीपर या गेंदबाज के हाथ में होना जरूरी नहीं होगा।

चिंतन

दवा पर मुनाफे की सीमा निर्धारित करने का समय



मुद्दा
डॉ. अश्वनी महाजन

दवा कोई सामान्य बाजारू वस्तु नहीं है। जब किसी व्यक्ति को जीवन बचाने के लिए दवा की जरूरत पड़ती है तो उसके सामने कीमत और इलाज के बीच चुनाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी दवा की कीमत निर्माता से निकलने के बाद आपूर्ति श्रृंखला में कई गुना बढ़ जाती है तो यह केवल बाजार व्यवस्था का सवाल नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकार का विषय बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने इसी गंभीर सवाल को देश के सामने फिर से ला खड़ा किया है। 29 सितंबर को दवा कीमतों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दवा के उस मूल्य अंतर पर कड़ी टिप्पणी की, जिसमें किसी दवा का खुदरा विक्रेता को मूल्य और पैकेट पर छपी अधिकतम खुदरा कीमत यानी एमआरपी के बीच बहुत बड़ा अंतर था। मामला एक आवश्यक कैंसर दवा का था जो खुदरा विक्रेताओं को करीब 2,700 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही थी, जबकि उसका एमआरपी लगभग 27,000 रुपये था। अदालत ने इस अंतर को लेकर बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया और केंद्र से पूछा कि 2013 के ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर यानी डीपीसीओ में निर्धारित 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन सभी आवश्यक दवाओं पर लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को केवल किसी एक दवा या कंपनी के संदर्भ में देखने के बजाय उस व्यापक व्यवस्था के संदर्भ में देखना चाहिए जिसमें दवा की कीमत तय होती है। भारत में आवश्यक दवाओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए डीपीसीओ और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एनपीपीए की व्यवस्था पहले से मौजूद है। आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल दवाओं के लिए एनपीपीए अधिकतम कीमत तय करता है। इस कीमत की गणना में बाजार में उपलब्ध समान दवाओं के खुदरा विक्रेता मूल्य का औसत और 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन शामिल होता है। समस्या यह है कि सभी दवाएं इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आतीं। डीपीसीओ मुख्य रूप से कीमत में 12 महीने में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि पर रोक लगाता है। यही वह जगह है, जहां मौजूदा व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि किसी दवा का शुरुआती एमआरपी ही वास्तविक लागत की तुलना में कई गुना अधिक तय कर दिया जाए तो बाद में कीमत बढ़ाने की सीमा 10 प्रतिशत रखना बहुत प्रभावी नियंत्रण नहीं रह जाता। ऊंची शुरुआती कीमत ही भविष्य की कीमतों का आधार बन जाती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि किसी दवा की कीमत साल में कितनी बढ़ी, बल्कि यह भी होना चाहिए कि वह कीमत शुरू में तय कैसे हुई। सरकार को इस मुद्दे पर व्यापक नीति बनाने की जरूरत है। दवा उद्योग में अनुसंधान, नई दवाओं के विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, आयातित कच्चे माल, उत्पादन, वितरण और निवेश की वास्तविक लागत होती है, लेकिन इन लागतों के नाम पर ऐसी कीमत भी उचित नहीं ठहराई जा सकती जिसमें मरीज और निर्माता के बीच मूल्य का अंतर असामान्य रूप से बढ़ जाए। इसलिए एक व्यावहारिक रास्ता यह हो सकता है कि जीवनरक्षक दवाओं के लिए एमआरपी और लागत के बीच उचित मार्जिन की पारदर्शी सीमा तय की जाए। इसमें निर्माता, वितरक, विक्रेता और अस्पताल समेत पूरी आपूर्ति श्रृंखला के मार्जिन को अलग-अलग देखा जाए। जहां किसी चरण पर असाधारण मुनाफा हो रहा हो, वहां सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार होना चाहिए। विशेष रूप से अस्पतालों में बेची जाने वाली दवाओं के मामले में पारदर्शिता और जरूरी है।

मुफ्तखोरी क्या वैश्विक समस्या बनेगी

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। इसी प्रकार की फ्रीबीज़ की घोषणाएं कुछ अन्य देशों में भी देखने और सुनने को मिलने लगी हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी व्यस्क लोगों (यानी मतदाताओं) को 5 हजार डॉलर देने की पेशकश की गई है, जिसमें शर्त यह है कि मध्यावधि चुनावों के मद्देनजर आप ट्रंप की पार्टी को वोट दीजिए। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां भारत के प्रजातंत्र के बारे में टिप्पणियां तो करती ही हैं, भारतीय प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण चुनाव एवं सत्ता हस्तांतरण, प्रेस, मीडिया और बोलने की स्वतंत्रता, स्वायत्त न्याय पालिका एवं अन्य संस्थाओं के बावजूद भारतीय प्रजातंत्र को अत्यंत निचले स्तर पर रेटिंग की जाती है।

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिसके चलते देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीधे तौर पर वोट के बदले नोट देने की पेशकश, दुनिया में एक नई बहस को जन्म दे रही है कि क्या अब विकास, स्वच्छ प्रशासन, संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, आमजन के लिए सुविधाओं की बजाए फ्रीबीज़ के आधार पर प्रजातंत्र में मतदाता वोट डाला करेंगे। ऐसे में यदि सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दल वोटरों को राशि देने की पेशकश करने में प्रतिस्पर्द्धा करने लगे तो उसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता यहां रुकने वाली नहीं है, यह नीचे राज्यों (स्टेट्स) तक जाएगी और वहां गवर्नर की रेस में लगे दल भी इसी प्रकार की पेशकश करने लगे, तो उसका असर जन सेवाओं पर कितना पड़ सकता है, इसका अंदाज भारत में इस प्रतिस्पर्धा से लगाया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी योजनाओं की शुरुआत कहां से हुई, उसके बारे में चर्चा करते हुए यदि हम उसके प्रकार और फैलाव के बारे में देखते हैं तो ध्यान में आता है कि सरकारी खजाने पर इसका सर्वाधिक असर पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों में ज्यादा दिखाई देता है। भारत के महालेखाकार और अकेंक्षक (कैग) के अनुसार 2024-25 में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, और तमिलनाडु में कुल सरकारी खर्च के 13.5 प्रतिशत से ज्यादा इस प्रकार की योजनाओं में खर्च हो रहा था। हालांकि, तमिलनाडु और दिल्ली इन मुफ्तखोरी योजनाओं के खासे चर्चित उदाहरण रहे हैं, लेकिन इन राज्यों में सरकारी कर्ज सरकारी खातों में दिखाई नहीं देता, लेकिन यह इसलिए है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति सरकारी राजस्व, राष्ट्रीय औसत के दुगने से भी अधिक है। इसका अप्रत्यक्ष कारण यह है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसत के मुकाबले दुगनी से भी अधिक है। कमोबेश यही स्थिति तमिलनाडु की भी है। भारतीय जनता पार्टी इन मुफ्तखोरी योजनाओं का



सैद्धांतिक रूप से विरोध करती रही है। अन्य राजनीतिक दलों की मुफ्तखोरी योजनाओं के मद्देनजर अब यह पार्टी भी सत्ता के समीकरण अपने पक्ष में करने हेतु खुलकर इन मुफ्तखोरी योजनाओं की केवल घोषणा ही नहीं कर रही, बल्कि उनके फायदे भी गिना रही है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में लाडली बहन योजना, दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और कई अन्य राज्यों में इस प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। हालांकि यह मुफ्तखोरी योजना ही है, लेकिन यह पार्टी की राजनीतिक मजबूरी भी कही जा सकती है।

दिल्ली की महिलाओं के लिए दी जाने वाली राशि केवल इसके लिए पात्र (ग़रीब) महिलाओं को ही मिलेगी। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही मुफ्त बिजली, पानी आदि की सुविधा को बरकरार भी रखा है। इन सभी मुफ्तखोरी योजनाओं का असर देश पर बढ़ते कर्ज के रूप में भी दिखाई देता है। गौरतलब है कि 2010-11 में देश पर सम्मिलित कर्ज केंद्र और राज्य जीडीपी का 65.6 प्रतिशत था। जिसमें केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी का 48.58 प्रतिशत और राज्यों का कर्ज जीडीपी का 23.5 प्रतिशत था। गौरतलब है कि देश पर सम्मिलित कर्ज आकलित करने के लिए केंद्र और राज्यों के आपसी लेनदेन को समायोजित किया गया है।

2024-25 में यह कर्ज बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। जहां केंद्र सरकार का कर्ज 48.8 प्रतिशत से बढ़कर 57.5 प्रतिशत तक पहुंचा, राज्य सरकारों पर कर्ज 23.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 28.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। जिन राज्यों द्वारा मुफ्त खोरी की योजनाओं को ज़्यादा अपनाया गया है, उन राज्यों का क़र्ज़ राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 2024–25 में, कई राज्यों पर उनके जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) के मुकाबले काफ़ी ज़्यादा कर्ज़ था। पंजाब में यह 47.3 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 44.0 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 38.0 प्रतिशत, केरल में 37.0 प्रतिशत, राजस्थान में 36.0 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 34.7 प्रतिशत। कर्ज़ का इतना ज़्यादा बोझ राजकोषीय गुंजाइश को सीमित करता है, ब्याज का बोझ बढ़ाता है और उत्पादक सार्वजनिक निवेश को रोक सकता है। आमदनी से ज्यादा खर्च और तदनुसार घाटे के बजटों ने देश पर कर्ज बढ़ाया ही है, लेकिन हाल ही में मुफ्तखोरी की योजनाओं के चलते यह गति और तेजी से बढ़ी है। गौरतलब है कि 2010-11 और 2018-19 के बीच देश पर कुल कर्ज 63.6 प्रतिशत से मामूली सा बढ़कर 66.5 प्रतिशत तक ही हुआ था। लेकिन पिछले मात्र 6 वर्षों में यह 2024-25 तक बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच जाना वास्तव में चिंता का विषय है। यह भी सही है कि केंद्र सरकार की देनदारी में बड़ी वृद्धि कोरोना काल में हुई थी, जब 2019-20 और 2020-21 के दौरान केंद्र सरकार की देनदारियां जीडीपी के 62.9 प्रतिशत और राज्य सरकारों की देनदारियां 31.1 प्रतिशत तक पहुंच गई और दोनों की सम्मिलित देनदारियां 88.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि उसके बाद सम्मिलित लेनदारिया 81.9 प्रतिशत तक घट गई है, जिनमें केंद्र की देनदारियां 57.1 प्रतिशत हैं और राज्यों पर अभी भी ये 28.5 प्रतिशत बनी हुई हैं। ध्यातव्य है कि लेकिन अभी भी यह 2010-11 के 65.6 प्रतिशत से कहीं अधिक हैं।

समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिस के चलते देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ा है। दुनिया में प्रजातंत्र का मजाक बना रही ये मुफ्तखोरी योजनाएं, देशों की बर्बादी की कहानी लिख रही हैं। इस संबंध में जनता से ही सशक्त आवाज़ उठने की ज़रूरत है, ताकि दुनिया को आर्थिक बर्बादी से बचाया जा सके।

(लेखक पूर्व प्रोफ़ेसर, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गांधी जयंती विशेष
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



महात्मा गांधी एवं ग्राम स्वराज

महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना एक ऐसा सम्पूर्ण प्रजातंत्र होगा, जो अपनी अहम जरुरतों के लिए अपने पड़ोसियों पर निर्भर नहीं रहेगा और फिर भी बहुतेरी जरुरतों के लिए, जिसमें दूसरे का सहयोग अनिवार्य होगा, वह परस्पर सहयोग से काम लेंगे। वे आत्मनिर्भर गांव के पूर्ण पक्षधर थे, वे ऐसे गांव बनाने की कल्पना करते थे, जो अपने संसाधन खुद जुटाने में समर्थ हो और दूसरे पर आश्रित न होकर अपने स्वयं पर अवलम्बित हों, उनकी ग्राम स्वराज की कल्पना जमीनी स्तर की सामाजिक सभा (ग्रासरूट की सोशियल असेंबली) की तरह थी। वे प्रत्येक गांव को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर समानता पर आधारित ऐसे राष्ट्र के निर्माण के पक्षधर थे, जिसमें अमीरी-गरीबी, जाति, वर्ग, धर्म से संबंधित भेदभाव या विषमता का कोई स्थान नहीं था। भारत की आत्मा शहरों में नहीं बल्कि गांवों में बसती है। गांधी ने ग्राम को एक इकाई मानकर कार्य करने पर पुरजोर बल दिया, जो सहयोगात्मक शासन के रूप को प्रदर्शित करती है, जिसमें सरकार, समाज और बाजार मिलकर कार्य करते हैं, जिससे गांव



के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता, विविध ज्ञान का संग्रह होता और नीतियों के प्रति दीर्घकालिक स्वामित्व की भावना पैदा होती हैं। भारत की लगभग दो-तिहाई से ज्यादा आबादी ग्रामीण इलाकों में निवासरत है, जहां ग्राम पंचायतें आर्थिक क्रिया-कलापों, सेवा प्रदान करने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनानें में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। पंचायतें ग्राम सभा के सदस्यों के सबसे करीब होने के कारण सु-शासन स्थापित करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

पंचायतों को 73वें संशोधन के तहत मिली संवैधानिक दायित्वों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों से यह आशा की जाती है, कि वे सिर्फ प्रशासनिक इकाई के रुप में नहीं बल्कि सेवा का केन्द्र बिन्दु के रुप में स्थानीय आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने वाली संस्थाओं के तौर पर काम करें। आजादी के इस अमृत काल में पंचायतें सेवा का केन्द्र बिन्दु बनकर उभर रही है। हालांकि एक बड़ी चुनौती अभी भी बनी हुयी है, आर्थिक निर्भरता या आत्म निर्भरता की। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जमीनी स्तर पर ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने एवं जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने एवं ग्रामीण स्थानीय स्व-शासन को सक्षम बनाने के लिये 2014 से 2026 तक की अवधि में जमीनी स्तर पर सु-शासन स्थापित करने हेतु एक परिवर्तनकारी दौर शुरू किया इस दौरान पंचायती राज मंत्रालय द्वारा अनेक तरह की पहल की गयी, मंत्रालय द्वारा ग्राम स्वराज की स्थापना हेतु पंचायती प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, वित्तीय प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों की क्षमता का विकास, विकेन्द्रीकृत जनभागीदारी वाली योजना का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्र में संपत्तियों का अधिकार, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण एवं ऑडिट शामिल है। ग्राम स्वराज की स्थापना में इन सुधारों ने मिलकर देश भर की 2.63 लाख पंचायतों की वित्तीय स्वायत्ता, प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत किया है। ग्रामसभा सदस्यों हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान की पहुंच, तेजी से पारदर्शिता के साथ सेवा प्रदान करने का मजबूत आधार प्रदान किया तथा बेहतर जवाबदेही ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के माध्यम से शासन को ग्राम सभा के करीब पहुंचाया है।

संविधान का 73वां संशोधन ने ग्राम स्वराज की परिकल्पना एवं जमीनी स्तर पर सु-शासन की संवैधानिक सोच को आगे बढानें और पूरे ग्रामीण भारत में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा गांवों को स्वालंबी एवं आत्म निर्भर बनाने हेतु किया गया सार्थक प्रयास है। पंचायतों को सेवाओं के प्रभावी वितरण के लिए नागरिक चार्टर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जमीनी स्तर पर ऑनलाइन नागरिक सेवाएं प्रदान की गई, जिनमें जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, जाति, आय, निवास, आयु, चरित्र और विकलांगता प्रमाण प्रत्र, पेंशन-संबंधी सेवाएं, भूमि और संपति-संबंधी सेवाएं, जल और स्वच्छता सेवाएं, शिकायत निवारण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन शामिल हैं। इससे जमीनी स्तर पर नागरिक सेवा प्रदायगी की पहुंच, पारदर्शिता और कार्यकुशलता में सुधार हुआ है, जिससे ग्रामीण नागरिकों के जीवन की गुणवता और जीवन यापन में सुधार हुआ। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना को लागू कर डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं के कामकाज में पारर्दिशता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि पंचायतीराज संस्थाओं में पारर्दिशता, जवाबदेही और डिजिटल शासन को बेहतर बनाया जा सके।

इस प्रकार पिछले बारह वर्षो में भारत के ग्रामीण स्थानीय निकायों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रगति देखी है जो पंचायतीराज संस्थाओं को स्वशासन के प्रभावी संस्थानों के रुप में मजबूती प्रदान करने का महत्वपूर्ण चरण एवं समावेशी विकास का मजबूत आधार है। पंचायतों को ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने हेतु स्थानीय अवसरों को पहचान करने की आवश्यकता होगी, तथा आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर पंचायत बनने के अभियान में पंचायतों को अपने नवाचारों के साथ आगे बढ़कर एक आर्थिक रुप से आत्मविश्वासी पंचायतों की नई पीढ़ी का निर्माण करना, जो महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा तथा विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने की कुंजी होगी।

संकाय सदस्य (पंचायती राज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)

एक सप्ताह अपने लिए निकाले



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछा- आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहा- जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो... वह सोचने लगे- मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछा- क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहा- मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछा- कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोला- महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछा- मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दिया- राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत के समक्ष नई चुनौती

आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग कुछ ही सेकंड में देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडिया ने सूचना के आदान-प्रदान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। अब सूचना का इस्तेमाल केवल लोगों को जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओं को प्रभावित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्ध का अर्थ है ऐसी सूचनाओं का इस्तेमाल करना, जिनके माध्यम से लोगों की सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयों को प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं।

-विवेक सक्सेना, रायपुर

ट्रेंड

नितेश को बधाई



एशियन गेम्स में पुरुषों की ग्रीको-रोमन 97 किलो कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतने पर नितेश को बधाई। भारत के 64 साल के इंतज़ार को खत्म करते हुए, नितेश ने भारत के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश

सामाजिक न्याय



मोदी जी सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ़ हैं। उनका पूरा सिस्टम शिक्षा से नफ़रत करता है क्योंकि वे नहीं चाहते कि छात्र सोचें या सवाल पूछें। एक ट्वीट में, बाबासाहेब अंबेडकर की "एनिहिलेशन ऑफ़ कास्ट" (जाति का विनाश) जैसी ज़रूरी किताब के बारे में कहा गया कि ये युवाओं के दिमाग में "ज़हर" घोलती है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सम्मान और दाम



हरियाली सिर्फ़ खुशहाली की निशानी नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर घर-आंगन में फलनी-फूलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन होगा जब किसानों, खेती, ग्रामीणों को उनकी मेहनत का सम्मान और दाम, दोनों मिलें। **-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

एआई निष्पक्ष नहीं



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी ताकत है जो बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव ला रही है और मेरी नज़र में, करुणा भी कुछ ऐसी ही है। एआई कभी भी निष्पक्ष नहीं होता; यह हमारी कमियों, पूर्वाग्रहों और इरादों को अपनाकर उन्हें कई गुना बढ़ा देता है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

पाक के लाहौर में नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृष्णा नगर इलाके में स्थित नेहरू पार्क उस स्थान पर बना है, जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन के दौरान 31 दिसंबर, 1929 को 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में भारत के लिए पूर्ण स्वशासन और ब्रिटिश शासन से पूरी स्वतंत्रता की मांग की गई थी। उस समय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने इस घोषणा के प्रतीक के तौर पर इसी स्थान पर भारतीय ध्वज फहराया था। पार्क्स एंड हॉर्टिकल्चर अथॉरिटी (पीएचए) के महानिदेशक अहमद उस्मान जावेद ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक नेहरू पार्क का पूरी तरह जीर्णोद्धार करने का फैसला किया है और इस दिशा में काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, 'बागवानी शाखा पार्क को नया रूप देने के लिए हरी-भरी घास और रंग-बिरंगे मौसमी फूल लगा रही है, जबकि इंजीनियरिंग टीम रात में रोशनी की व्यवस्था करने के साथ बेंच और बच्चों के झूले लगाएगी, ताकि इसे परिवारों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।'

ऑफ बीट

भूजल घटने से धंस रहे दुनिया के शहर, रोक सकते हैं प्रक्रिया



दुनिया के कई शहरों के नीचे मौजूद भूजल भंडारों से जरूरत से ज्यादा पानी निकाले जाने के कारण जमीन धंस रही है जिससे तटीय शहरों पर समुद्र के बढ़ते जलस्तर का खतरा और बढ़ रहा है। हालांकि, नए शोध के अनुसार भूजल भंडारों को फिर से भरने से जमीन के धंसने की प्रक्रिया को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोध में यह भी सामने आया कि भूजल की तेजी से बहाली और जमीन के ऊपर उठने की प्रक्रिया में भूमिगत भ्रंश रेखाएं (फॉल्ट लाइन) महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भूमि का धीरे-धीरे नीचे धंसना दुनिया के कई बड़े शहरों के लिए चुनौती बन गया है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के कुछ हिस्से हर साल 10 सेंटीमीटर से अधिक धंस रहे हैं, जिसके कारण सरकार को शहर को स्थानांतरित करने की योजना बनानी पड़ी है। चीन के तटीय शहर तियानजिन में करीब 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। यदि वहां जमीन के धंसने की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो 2120 तक शहर की 15 प्रतिशत आबादी पानी की चपेट में आ सकती है। सैन डियागो से लेकर ईरान के प्रमुख शहरों तक कई जगह ऐसी ही स्थिति है, जहां भूजल का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से दोबारा भरने की क्षमता से अधिक हो रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश ब्लैकलिस्ट होंगी गाड़ियां

चालान है पेंडिंग तो रिन्यू नहीं होगा ड्राइविंग लाइसेंस, पीयूसी भी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपकी गाड़ी का ई-चालान काफी समय से पेंडिंग पड़ा है और आपने उसे नहीं भरा है तो अब सावधान हो जाइए। सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त आदेश दिया है कि जिन वाहनों का ट्रैफिक जुर्माना बकाया है, उनकी सभी ऑनलाइन सेवाएं तुरंत फ्रीज कर दी जाएं. यानी चालान क्लियर किए बिना न तो गाड़ी का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट (पीयूसी) बनेगा और न ही ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू हो सकेगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहे एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने दो टूक कहा कि सिर्फ लाखों की संख्या में ई-चालान काट देने से कोई फायदा नहीं है, जब तक कि जुर्माने की वसूली न हो. अदालत को बताया गया कि अब तक लगभग 49,194 करोड़ रुपये के ई-चालान बकाया हैं, जिनमें से केवल 26,175 करोड़ रुपये की ही वसूली हो सकी है।

औचक चेकिंग में गाड़ी की जब्ती भी



चेकिंग में गाड़ी की जब्ती

इसके अलावा कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सड़कों पर औचक चेकिंग के दौरान अगर किसी गाड़ी पर अनपेड ई-चालान मिला तो पुलिस और प्रशासन उसे तुरंत जब्त करने की कार्रवाई भी कर सकते हैं। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि ट्रैफिक नियमों का पालन कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखना चाहिए। कोर्ट ने साफ कहा है, रैंडम चेकिंग में बकाया ई-चालान वाला वाहन मिलने पर उसे जब्त करने और बकाया राशि चुकाए जाने तक वाहन से जुड़ी ऑनलाइन सेवाएं फ्रीज किया जाए। ये निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा से जुड़े एस. राजसीकरन बनाम भारत संघ मामले में आदेश दिए हैं जो जजमेंट अपलोड किया गया है।

इन जरूरी सेवाओं पर लगेगा ताला

- पीयूसी पर रोक : जब तक पुराना जुर्माना नहीं भरा जाएगा, कोई भी सेंटर गाड़ी का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकेगा
- परिवहन पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट : बकाएदारों की गाड़ियों को 'परिवहन' पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, जिससे गाड़ी की खरीद-फरोख्त या ट्रांसफर नहीं हो सकेगा
- आरसी और फिटनेस ब्लॉक : रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) का रिन्यूअल, डुप्लीकेट आरसी जारी करना, एड्रेस बदलना और गाड़ियों का फिटनेस सर्टिफिकेट पूरी तरह रोक दिया जाएगा
- ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड : बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू नहीं होगा, साथ ही चालू लाइसेंस को भी निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं

एसआईआर पर मचे बवाल के बीच राहुल गांधी ने उठाया बड़ा सवाल

फॉर्म-6 में अवैध तरीके से किया बदलाव, यह आदेश किसका था?

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोटर रजिस्ट्रेशन के फॉर्म-6 को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने ऑनलाइन फॉर्म-6 में किए गए बदलाव को अवैध बताया है। राहुल ने चुनाव आयोग और टीसीएस की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एलओपी गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पूछा कि चुनाव आयोग में किसने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को फार्म 6 में बदलाव करने का आदेश दिया था। राहुल ने टीसीएस को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने पूछा कि इस बदलाव को टीसीएस में किसने मंजूरी दी थी। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या कंपनी पर ऐसा करने के लिए दबाव बनाया गया था। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ऑनलाइन फॉर्म-6 में अवैध तरीके से बदलाव किया गया था, जिसका जिक्र खुद चुनाव आयुक्तों ने अपने रिकॉर्ड में किया है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि जुलाई 2026 के मध्य में मुख्य चुनाव आयुक्त ने असंवैधानिक तरीके से फॉर्म में बदलाव किया था। इसका मकसद जेन-जी यानी युवा मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर करना था। उन्होंने इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका होने का भी आरोप लगाया।

खास बातें

- चुनाव आयोग और टीसीएस की भूमिका पर उठाए सवाल
- विपक्षी पार्टियों व प्रेशर ग्रुप काकरोच जनता पार्टी द्वारा आज 2 अक्टूबर को देशभर में किया जाएगा प्रदर्शन



यह है विवाद

दरअसल, फार्म 6 नए वोटर के रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल होता है। इसमें एक अतिरिक्त घोषणा जोड़ी गई थी। इसमें आवेदक से पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट को लेकर जानकारी मांगी गई थी। आवेदक को बताना था कि उसका नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में था या नहीं. इसके अलावा माता-पिता या दादा-दादी का नाम होने की जानकारी भी मांगी गई थी। इस बदलाव पर चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने इसे अवैध और अनधिकृत' बताया था। उन्होंने इसे हटाने की बात भी कही थी। फार्म 6 का मुद्दा स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़ा है। इसे लेकर विपक्ष लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहा है। राहुल गांधी का ताजा बयान भी इसी विवाद के बीच आया है।

गोवा एसआईआर : में कटे 97 वोटर्स पर चुनाव आयोग की सफाई

गोवा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान वोटर लिस्ट में नाम नहीं जुड़ने वाले 97 वोटरों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इनमें से 88 वोटरों के नाम मतदाता सूची में शामिल कर लिए गए हैं। 3 के पास पुर्तगाली पासपोर्ट हैं, जबकि 6 विदेश में रहते हैं। इन 6 लोगों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इन 97 वोटरों को इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स ने पात्र माना था, लेकिन सॉफ्टवेयर की समस्या के कारण उनके नाम अंतिम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो सके थे।

कर्नाटक में एसआईआर धरने पर सीएम शिवकुमार

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने अपने कैबिनेट सहयोगियों और विधायकों के साथ मिलकर गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अन्बुकुमार के कार्यालय के बाहर धरना दिया। उन्होंने कहा, कर्नाटक में एक बड़ी साजिश चल रही है। 70% से ज्यादा बूथों पर हमने पाया है कि भाजपा के अलग-अलग नेता बिना किसी पहचान के 'फॉर्म 7' ले रहे हैं। पहले से छपे हुए फॉर्म सप्लाई किए गए हैं और वो भाजपा पार्टी के नेताओं को दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा विधायक अभय पाटिल ने खुद चुनाव अधिकारी के सामने गलती स्वीकार की है। पत्र सौंपकर आग्रह किया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सूची में शामिल कराए गए नामों को तुरंत हटाया जाए।

बिना बताए केस हटाने पर भड़के सुप्रीम कोर्ट के जज

'पिछले दरवाजे वाला तरीका सीधा शक पैदा करता है'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सीएपीएफ से जुड़े एक केस की लिस्टिंग को लेकर गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने रजिस्ट्री के अजीब व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताई।

जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल चन्दुरकर की रेगुलर बेंच के सामने होने वाले इस केस को अचानक लिस्ट से हटा दिया गया। सबसे हैरानी की बात यह है कि मामले की सुनवाई के लिए तय बेंच को इस बदलाव के बारे में बताया तक नहीं गया। इसके अलावा, सरकारी वकील के उस तरीके पर भी गंभीर सवाल उठाए गए, जिसमें उन्होंने दूसरी पार्टी को बताए बिना सीधे भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के सामने मामला उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंच बदलने का इस तरह का पिछले दरवाजे वाला तरीका सिस्टम की पारदर्शिता पर सीधा शक पैदा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि मामले को स्पेशल बेंच में भेजने से पहले ओरिजिनल बेंच को क्यों नहीं बताया गया?

सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से मांगी थी सफाई

इस मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की स्पेशल बेंच ने की। शुरुआत में इसे जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस अतुल चन्दुरकर की बेंच के सामने लिस्ट किया गया था, लेकिन सुनवाई शुरू होने से ठीक पहले इसे अचानक लिस्ट से हटा दिया गया।

भावी सीजेआई नागरत्ना ने भी जताई है चिंता

भावी चीफ जस्टिस बी वी नागरत्ना ने भी इस प्रवृत्ति पर आपत्ति जताते हुए सार्वजनिक रूप से इस बात पर चिंता जताई थी कि चेहरे बदलने से अदालती फैसले नहीं बदलने चाहिए। अगर किसी कानून या फैसले पर संदेह है, तो स्थापित नियम के तहत उसे केवल बड़ी बेंच के पास सुनवाई के लिए ही भेजना उपाय है, न कि बराबर की बेंच द्वारा सीधे खारिज किया जाना।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर प्रयागराज में चलेगा केस

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ प्रयागराज कोर्ट में केस चलेगा। रामभद्राचार्य के एक बयान के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। बयान में जगद्गुरु ने कहा था- ऊंच कुल के ब्राह्मण अपनी बेटियां उपाध्याय, चौबे, त्रिगुणायत, दीक्षित और पाठकों को नहीं देते, क्योंकि हम इन्हें अधम मानते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि रामभद्राचार्य की लोग पूजा करते हैं। वृंदावन में भागवत कथा के दौरान दिए उनके बयान के बाद उपाध्याय समाज को लोग बुरी नजर से देखने लगे। लड़के-लड़कियों की शादी में रुकावट आने लगी है। रामभद्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। प्रयागराज जिला अदालत ने गुरुवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य को नोटिस जारी कर 12 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

गांधी जी और शास्त्री जी को उनकी जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र का कोटि-कोटि नमन

2 अक्टूबर, 2026

महात्मा गांधी और **लाल बहादुर शास्त्री** की जयंती पर, राष्ट्र इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया।





"गांधी जी ने साहस, सादगी, सेवा और करुणा की शक्ति का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री जी का जीवन और नेतृत्व एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।"
- नरेन्द्र मोदी



CBC 63101/13/0015/2627

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।

अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *



एआई इमेज

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ



कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



एआई इमेज

पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



एआई इमेज

दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कलाई पर घड़ी नहीं बंधी है। 2. गांधी जी के सामने रखी मेज पर दवात नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीछे दीवार पर बनी टैंक में अधिक किताबें रखी हैं। 5. चित्र में दाईं तरफ एक मेट रखा हुआ है। 6. पीछे दिख रही झोपड़ी का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे चरखे की तीलियां अलग डिजाइन की हैं।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

पर्यटकों के लिए जिप्सी के साथ ही कायकिंग और नाव की व्यवस्था

मानसून विदा, पर्यटकों के लिए खुला उदन्ती सीतानदी टाइगर रिजर्व



शेख हसन खान ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों की पहली पसंद बना हुआ है। हरे-भरे जंगलों, कलकल बहती नदियों और प्राकृतिक सुंदरता से आच्छादित उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व बरसात के बाद एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। जैव विविधता की दृष्टि से बेहद समृद्ध इस टाइगर रिजर्व बाघ, तेंदुए, चित्तीदार हिरण, सांभर, भालू और अनेक दुर्लभ वन्यप्राणियों के साथ सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों के लिए जाना जाता है। कभी राजकीय पशु वनभैंसा इसकी सबसे बड़ी खासियत हुआ करती थी, फिलहाल यहां एक ही वनभैंसा रह गया है। हॉर्नबिल पक्षी यहां विशेष रूप से पाया जाता है।

अलग खबर

मानसून और वन्यजीवों के प्रजननकाल के कारण बंद उदंती सीतानदी के गेट 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर खुल गया है। प्रवेश द्वार खुलते ही देश और प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों का यहाँ पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा और रोमांचक सफर के लिए अभ्यारण्य में जिप्सी की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, यहाँ की कुल्हाड़ीघाट नदियों और सोंढुर बांध में कायकिंग और बोटिंग (नाव) की भी व्यवस्था है। हालाँकि, वर्तमान में बारिश के कारण नदियों का बहाव तेज होने की वजह से सुरक्षा के लिहाज से वाटर स्पोर्ट्स को रोका गया है। पर्यटकों को कायकिंग और बोटिंग का आनंद लेने के लिए लगभग दो महीने का और इंतजार करना पड़ेगा।



बाकी पार्क, टाइगर रिजर्व, अभयारण्य अभी बंद

भारी बारिश के चलते बस्तर संभाग के कांगेर घाटी नेशनल पार्क, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, पामेड़ और भैरमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य अभी नहीं खुला है। इनके अगले महीने खुलने की संभावना जताई जा रही है। इसीतरह रायपुर संभाग के बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा व्यजीव अभयारण्य अगले महीने खुलेगा। दुर्ग संभाग के कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव अभयारण्य भी एक नवंबर से खुलेगा।

जलप्रपात आकर्षण के केंद्र

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र हरी-भरी वादियों और पहाड़ों से घिरा क्षेत्र है। बारिश के इन दिनों में क्षेत्र के झरने और नदिया पूरे उफान पर हैं जो सैलानियों को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। पर्यटक न केवल खुले में विचरण करते वन्यप्राणियों का दीदार करते हैं बल्कि इस अद्भूत प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या मे पहुंचते हैं। यहां कुलाप जलप्रपात, कारीपगार, शेषपगार, देवधारा, बोतलधारा, बनियाधस व अनेक जलप्रपात के साथ राजकीय पशु वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र भी है।

क्या कहते हैं अफसर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मानसून मे बंद कर दिया जाता है। यह वन्यप्राणियों के प्रजनन का भी समय होता है। यह अब 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। उपनिदेशक ने क्षेत्र के जलप्रपातों (वॉटरफॉल्स) में भ्रमण के दौरान पर्यटकों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

सेल कर्मचारियों को मिलेगा 32 हजार बोनस

भारी गहमागहमी के बीच दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में हुआ तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



इस साल भी भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों को अपेक्षा से कम सालाना बोनस राशि पर संतोष करना पड़ेगा। आज सेल प्रबंधन और एनजेसीएस यूनियनों (नेशनल ज्वाइंट कमेटी फार इंडस्ट्री) की दिल्ली में हुई बहुप्रतीक्षित बैठक में सेल कर्मियों को 32 हजार रुपए एक्सग्रेसिया राशि देने का निर्णय लिया गया। सीटू यूनियन ने राशि को कम बताते हुए समझौता में इस बार भी हस्ताक्षर नहीं किए। अन्य यूनियनों मिश्रित प्रतिक्रिया में तय राशि को संतोषजनक बताते हुए कहा कि प्रबंधन से अगले वर्ष प्राफिट के अनुरुप सम्मानजनक बोनस दिए जाने की अपेक्षा की गई है। सेल कर्मचारियों को बोनस तय करने के लिए गुरुवार को दिल्ली में भारी गहमागहमी के बीच सेल प्रबंधन और एनजेसीएस यूनियनों इंटक, सीटू, बीएमएस, एचएमस और एटक के प्रतिनिधियों की अहम बैठक हुई। डायरेक्टर पर्सनल केके सिंह ने बोनस फार्मूला के अनुसार 30109 बोनस राशि दिए जाने का प्रस्ताव रखा। इसे ठुकराते हुए पांचों यूनियनों के प्रतिनिधियों ने एकजुटता दिखाते हुए नुकसानदेह फार्मूला बदलने पर जोर देकर इससे अधिक बोनस दिए जाने की मांग की। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन ने कंपनी की माली हालत का रोना रोते हुए व पूर्व में तय बोनर्स का हवाला देते हुए यूनियनों की मांग को खारिज कर दिया। यूनियनों के मुताबिक सीटू व इंटक प्रतिनिधियों ने सेल 588 करोड़ का प्राफिट होने और इसमें कर्मियों के योगदान के अनुरुप 40 हजार से अधिक बोनस तय करने पर बल दिया। इस पर प्रबंधन नियमों की बात कहते हुए 30 हजार राशि पर ही अड़ा रहा। लेकिन सभी यूनियनों के सहमत नहीं होने पर डायरेक्टर बीच बैठक से सेल चेयरमेन से विचार विमर्श करने की बात कह बाहर चले गए। चाय के बाद जब घंटेभर बाद फिर बैठक शुरु हुई तो डायरेक्टर श्री सिंह ने इस बार 32 हजार रुपए बोनस पर मान जाने का आफर देते हुए इससे आगे नहीं बढ़ पाने की बात की। यूनियनों ने कर्मियों के मनोबल का हवाला देते हुए इस राशि से आगे बढ़ने पर एकजुटता से जोर दिया। प्रबंधन ने सेल कर्मचारियों को 32 हजार ही बोनस व ट्रेनीज को 26,500 रुपए देने का निर्णय सुनाते हुए हाथ खड़े कर दिए।

सात शासकीय कालेजों में फिजियोथैरेपी के लिए 350 सीटों पर एडमिशन

रायपुर। इस बार बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी (बीपीटी) की कुल 350 शासकीय सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। पिछले साल राज्य में शासकीय कालेज की संख्या एकमात्र थी, जिसे बढ़ाकर सात कर दिया गया है। इन कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने वालों के लिए 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक पंजीयन और संस्था चयन का वक्त दिया गया है। राज्य में पिछली बार बीपीटी की 50 सीटें और एकमात्र शासकीय कालेज था। अस्पतालों में फिजियोथैरेपिस्ट की जरूरतों और भविष्य में इस क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए राज्य शासन ने पिछले बजट में 6 नए फिजियोथैरेपी कालेज खोलने की घोषणा की थी। इन कालेजों में फैकल्टी का इंतजाम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में होने वाली काउंसिलिंग में इन कालेजों को शामिल किया जाएगा। राजधानी रायपुर के पुराने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अलावा, जशपुर, मनेंद्रगढ़, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग तथा जगदलपुर में 50-50 सीटों को स्वीकृति दी गई है। 1

विज्ञान मेला और वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता

रायपुर। सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 और 30 सितंबर को यह आयोजन माना कैंप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुआ।

संबलपुर के पास हादसा

एम्बुलेंस ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, स्टाफ नर्स की मौत







हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रायपुर के अस्पताल से शव के साथ जगदलपुर लौट रही महारानी अस्पताल की एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। घटना में केबिन में बैठी महारानी अस्पताल जगदलपुर की नर्स की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। परिजनों व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार शबनम खान पति अब्दुल जावेद खान उम्र 34 वर्ष एमपीएम हास्पिटल के पास अघनपुर धरमपुरा जगदलपुर निवासी महारानी अस्पताल में स्टाफ नर्स थी। बुधवार को कंगोली डोंगरीपारा जगदलपुर निवासी राजेंद्र खत्री उम्र 72 वर्ष को गंभीर बीमारी के चलते डिमरापाल मेडिकल कालेज से रायपुर एसएमसी अस्पताल ले जाना था। बुधवार की रात्रि 8 बजे स्टाफ नर्स शबनम खान महारानी अस्पताल में सेवा दे रहे मां दंतेश्वरी एम्बुलेंस के चालक अतुल बघेल निवासी लोहंडीगुडा बस्तर निवासी के साथ मरीज राजेंद्र खत्री व उसके परिजनों को लेकर रायपुर के जगदलपुर से निकली। वे सभी गुरुवार की तड़के 3 बजे एसएमसी अस्पताल पहुंच गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मरीज राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद सुबह लगभग साढ़े 4 बजे मृतक व उसकी पत्नी उषा खत्री, बेटा देवेंद्र खत्री व बेटी मीनाक्षी को लेकर एम्बुलेंस वापस जगदलपुर के लिए रायपुर से निकल गई। नेशनल हाईवे से गुजर रही एम्बुलेंस धमतरी पहुंचने से पहले ग्राम संबलपुर के पास डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस घटना में एम्बुलेंस की चालक केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

झपकी आने के कारण हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार मां दंतेश्वरी एम्बुलेंस बुधवार की रात्रि 8 बजे मरीज लेकर जगदलपुर से निकल रातभर सफर कर रायपुर पहुंची थी। अस्पताल में मरीज के मृत घोषित होने के तुरंत बाद वापस जगदलपुर लौट रही थी। लगातार सफर करने के कारण चालक को झपकी आ रही थी। इसी के चलते गुरुवार की सुबह 6.30 बजे यह हादसा हो गया।

मोनिका सचदेव को किया तड़ीपार

रायपुर। चर्चित हिस्ट्रीशीटर मोनिका सचदेव को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने दो माह के लिए जिला बदर करने आदेश जारी किया है। उसके खिलाफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट, लूट, भयदोहन करने के साथ ही एनडीपीएस के 17 प्रकरण दर्ज है। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की है। पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार महिला हिस्ट्रीशीटर इन दिनों टिकरापारा स्थित रावतपुरा कालोनी में किराए के मकान में रह रही थी। उसके खिलाफ बदमाशों के गैंग ऑपरेट करने के आरोप है।

माया से मुक्त हुए बिना आत्मकल्याण संभव नहीं



रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास की प्रवचनमाला में मुनिश्री संवेगरत्न सागर ने श्रावक-श्राविकाओं को माया कषाय से उन्मुक्त होने का संदेश दिया। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित 'आतुर प्रत्याख्यान' ग्रंथ के माध्यम से मुनिश्री आत्मकल्याण की राह बता रहे हैं। मुनिश्री ने बुधवार को धर्मसभा में कहा कि माया का सेवन जीव के लिए हानिकारक है। विभाव को स्वभाव बना देने वाला कषाय ही माया है। आत्मा ने न जाने कितने भवों से इस कषाय का अभ्यास किया है। माया के प्रभाव में जीव अपने कार्यों और उपलब्धियों को सफलता मानने लगता है, लेकिन इसके पीछे दुख, दुर्गति और पीड़ा छिपी होती है। अन्य कषाय भी भयंकर हैं, लेकिन माया कषाय महाभयंकर है।

आवास आवंटन के लिए लाटरी

रायपुर। निगम द्वारा पीएम आवास शहरी घटक के एएचपी अंतर्गत 4 परियोजनाओं के आवासों के आवंटन के लिए विगत दिनों अंतिम रूप पात्र पाए गए हितग्राहियों की उपस्थिति में आवास आवंटन के लिए लाटरी निकाली गई। नगर निगम के सामान्य सभागार में महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर लाटरी किए गए चार परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, अधीक्षण अभियंता राजेष राठौर,सहायक अभियंता संदीप तिवारी, अमित बोस की उपस्थिति रही।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-270/26-27 / 1789 Raipur, Dtd. 01/10/2026

E-TENDER NOTICE NO. TN-270/26-27

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1	CP-337/26-27 8100054626(With RLA)	Procurement of 714 MT Sulphuric Acid for CSPGCL, on short term tender basis.	15.10.2026 Upto 15:00 Hrs
2	CP-338/26-27 8100054621(With RLA)	Procurement of Mill Outlet Spares (Non-Ceramic Items) for ABL & BHEL Boilers of HTPS KW AND DSPM KE.	30.10.2026 Upto 15:00 Hrs

For details please visit our website https://cspc.co.in/cspgcl tendernotices/ or our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

"SAVE ELECTRICITY" संवाद-

Executive Director (S&P:Gen) CSPGCL: Raipur

OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)
C-1 C-2, Power Companies campus, Dangania, Raipur (CG)- 492013 Phone No. : 0771-2574626
Website : www.cspdcl.co.ine-mail : ceecivil.cspdcl@cspc.co.in

No. 04-03/ Civil-Distr/W/I/668344/2026 Raipur, dtd. 30-09-2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriated class in CSPDCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public sector undertaking /Local bodies/Power Distribution companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below :-

Tender Specification No.	Name of work	NIT Value
CEC/D/ W/26-27 /91	Construction of AE Sub Division office at Pathalgaon under O&M Division Pathalgaon (C.G.)	25.26 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /92	Construction of A-I type control room i/c internal electrification at 33/11 KV S/s Bhittikala under O&M Division Ambikapur (C.G.)	10.88 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /93	Construction of Distribution center office building at Kunni under O&M Division Ambikapur (C.G.)	14.85 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /94	Construction of Distribution center office building at Bachrapodi under O&M Division Baikunthpur (C.G.)	14.85 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /95	Construction of Distribution center office building at Deonagar under O&M Division Surajpur (C.G.)	14.85 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /96	Construction of Distribution center office building at Sargawa under O&M Division Ambikapur (C.G.)	14.85 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /97	Construction of AE Sub Division office at Ramanujnagar under O&M Division Surajpur (C.G.)	25.73 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /98	Renovation of boundary wall, switch yard, DC office building & Strengthening of approach road at DC office premises Khadgawa under O&M dn. Manendragarh.	5.51 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /99	Construction of A-1 type control room i/c internal electrification at 33/11 KV S/s Gharghoda under O&M Dn.- I Raigarh (C.G.)	11.78 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /100	Construction of RCC retaining wall for 33/11 KV S//s Kasaniya under O&M Dn. CSPDCL Katghora (C.G.)	17.10 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /101	Construction of AE Sub Division office building at Pali under (O&M) CSPDCL Katghora	25.63 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /102	Construction of AE (O&M) Sub Division office with Head Quarter DC office building at Shivrinarayan under O&M Dn. Akaltara	37.06 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /103	Repair and Maintenance work of ND type 02 Unit Staff Quarter (Nos 09&10) at Colony Premises Tifra CSPDCL Bilaspur (C.G.)	5.58 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /104	Construction of AE Sub Dn. Office and head quarter DC office building at Lailunga under O&M Division-I Raigarh (C.G.)	37.06 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /105	Civil maintenance work at DC office strengthening of approach road & providing platform for stacking of transformer at Sub Dn. Office premises Pali under O&M Dn. CSPDCL Katghora	9.22 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /106	Construction of 1.5 M Boundary wall at 33/11 KV S/s Kusmura under O&M Dn. -2 Raigarh	15.47 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /107	Construction of A-I type control room i/c internal electrification at 33/11 KV S/s Sarona under O&M Division Kanker (C.G.)	12.23 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /108	Construction of boundary wall (height 2.10 M) with MS gate at 33/11 KV S/s premises Bastar under O&M Dn. Jagdalpur (C.G.)	11.41 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /109	Construction of AE Sub Division office at Geedam under O&M Division Dantewada (C.G.)	27.55 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /110	Construction of Distribution Centre office building at Koyalibeda under O&M Division Bhanupratappur (C.G.)	14.58 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /111	Construction of boundary wall (height 2.10M) MS gate at 33/11 KV S/s premises Vishrampuri under O&M Division Kondagaon (C.G.)	16.11 Lacs
CEC/D/ W/26-27/112	Renovation of AE (Rural) & AE (Zone) office at 33/11 KV S/s Dharampura, Jagdalpur.	8.91 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /113	Providing of store room facility for DC office Bakawand at 33/11 KV S/s Bakawand under (O&M) Dn. Jagdalpur.	5.45 Lacs
CEC/D/ W/26-27/114	Necessary civil work for EE (O&M) Dn. Office at 33/11 KV S/s premises Bijapur under (O&M) Dn. Bijapur.	5.80 Lacs
CEC/D/ W/26-27/115	Providing store room facility for EE (Project) office CSPDCL, Kanker.	5.45 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /116	Renovation and maintenance work of F-type 04 unit residential building at office premises Pakhanjur.	7.99 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /117	Necessary Civil work for extension of Dispensary at 132KV S/s colony premises Jagdalpur.	8.46 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /118	Construction of AE Sub Division with head quarter DC office building and moorum filling at Belargaon under under O&M Dn. Dhamtari (C.G.)	39.01 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /119	Civil repair and maintenance works of boundary wall and strengthening of approach to offices at Division office premises Balod (C.G.)	6.84 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /120	Strengthening work of approach road for DC office and 33/11 KV S/s premises Daundi Lauhara under O&M Dn. Balod	8.89 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /121	Construction of AE Sub Division with head quarter DC office building at 33/11 KV S/s premises Bemetara under O&M) Dn. Bemetara.	37.11 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /122	Construction of AE Sub Division with head quarter DC office building, CC road with hume pipe culvert at 33/11 KV S/s premises Pithora under O&M) Dn. Pithora Mahasamund.	48.71 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /123	Construction of AE (TSG) office building Khairagarh under (O&M) Dn. Khairagarh	25.63 Lacs
CEC/D/ W/26-27 /124	Construction of Distribution Centre office building at 33/11 KV S/s premises Kapadah under O&M Division Pandariya.	14.85 Lacs

पहले, मोदी ने भारतीय पायलट की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'नायक' बताया था और कहा था कि देश को उनकी बहादुरी पर गर्व है। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 ने बुधवार को आपात संकेत भेजे थे। इसके बाद विमान 34,000 फुट की ऊंचाई से तेजी से 17,000 फुट से अधिक नीचे आ गया।

गुजरात सरकार ....

कैप्टन स्मित मच्छार के साहस को आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है। हमले में बुरी तरह घायल और खून से लथपथ होने के बावजूद, उन्होंने 174 यात्रियों की जान बचाने के लिए अद्भुत बहादुरी दिखाई — यह अत्यंत प्रेरणादायी और सराहनीय है। उन्होंने कहा, गुजरात के इस वीर सपूत ने अपने शौर्य से पूरे विश्व में गुजरात राज्य और देश का मान बढ़ाया है। उनकी रगों में दौड़ती गुजराती भावना हम सभी को अपार गर्व से भर देती है।

इजरायल ने ....

यूनिट (एलीट यूनिट) को भेजने पर भी विचार किया। इजरायल ने इन तीन तरीकों पर खासतौर से विचार किया।

पाक को पछाड़कर हॉकी ....

टॉप पर रहने के बाद सेमीफाइनल में एंट्री की। भारत ने लगातार पांच मैच में विजयी परचम फहराया। **स्वचैश में महिला और पुरुष टीम को कांस्य**- स्वचैश में भारत को दो कांस्य पदक मिले। भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 1-2 से हार मिली। अनाहत सिंह ने शुरुआत में दो गेम जीतकर भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन चान सिन युक ने वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद तन्वी खन्ना ने ली का यी को हराकर स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन निर्णायक मुकाबले में जोशना चिनप्पा को हार मिली। इसके बाद भारतीय पुरुष टीम भी फाइनल में जगह नहीं बना सकी। उसे सेमीफाइनल में मलयेशिया के खिलाफ 1-2 से हार मिली। इस तरह महिला और पुरुष दोनों टीमों ने कांस्य पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया।

हरिभूमि-आईएनएच का ...

राठिया सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक एवं भाजपा और कांग्रेस से जुड़े नेताओं के साथ- साथ प्रबुद्धजन एवं जिला व पुलिस प्रशासन, समाजसेवी, व्यापारी सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। **कलेक्टर व एसपी समेत कई हस्तियां होंगी शामिल**- कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू व एसपी सुनील शर्मा समेत कई हस्तियां शामिल होंगे। इनमें जिलाध्यक्ष कैट रतन शर्मा, प्रधान हास्पिटल दानसरा के डा. आनंद प्रधान, राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष संगीत सिंह ठाकुर और सेवा भारती के अध्यक्ष समाजसेवी सतीश यादव सहित जिले की कई हस्तियां शामिल हैं। **विधायक कविता व उत्तरी समेत जनप्रतिनिधि करेंगे शिरकत**- जिला संवाद कार्यक्रम में विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े पूर्व विधायक सारंगढ़ केराबाई मनहर सहित जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत सदस्य डा. कैलाश नायक व विनोद भारद्वाज, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ताराचंद देवांगन, जनपद पंचायत सारंगढ़ की अध्यक्ष ममता राजीव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, पूर्व विधायक पद्मा घनश्याम मनहर शामिल होंगे।

घाट पेंडारी के ....

इधर-उधर बिखरा हुआ था और एक व्यक्ति क्रेन की मदद से सामान समेट रहा था। इसी दौरान कुछ सामान को ट्रक से दूर गड्ढे में रखकर तिरपाल से ढक कर छिपाए जाने की सूचना भी पुलिस को मिली। सूचना पर चंदौरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहां क्षतिग्रस्त ट्रक और प्लास्टिक दाना की बोरियां मिलीं। आसपास तलाशी लेने पर 9 बोरियों में कुल 238 किलो 290 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने गांजा, घटना में प्रयुक्त क्षतिग्रस्त 12 चक्का टाटा ट्रक जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है तथा 19 बड़ी बोरियों में भरा प्लास्टिक दाना जब्त किया। पुलिस ने मामले में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ओडिशा से लखनऊ ....

संचालन करता था। ट्रक में हाथरस निवासी चालक के माध्यम से ओडिशा से प्लास्टिक दाना के साथ गांजा लोड कर लखनऊ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान 29 सितंबर को घाट पेंडारी घाट पर ट्रक पलट गया। इसके बाद गांजे को सड़क किनारे गड्ढे में छिपाकर तिरपाल से ढंक दिया गया था।

सीएम साय बोले- महानदी ....

के अध्यक्ष, दोनों राज्यों के मुख्य सचिव तथा जल शक्ति मंत्रालय और केंद्रीय जल आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा, महानदी केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि दोनों राज्यों की सभ्यता, संस्कृति, कृषि और जनजीवन से जुड़ी जीवनधारा है। यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा को बांटने वाली नहीं, बल्कि जोड़ने वाली नदी है। इसलिए विवाद का समाधान भी टकराव के बजाय सहयोग, विश्वास और आपसी सहमति से होना चाहिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ न्यायपूर्ण, निष्पक्ष, वैज्ञानिक, पारदर्शी और दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान में दोनों राज्यों के किसानों, आम नागरिकों और आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ में है और जलग्रहण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी प्रदेश में है। कृषि, सिंचाई, पेयजल और ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की विकास आवश्यकताएं इससे जुड़ी हैं। इसलिए इन जरूरतों का समाधान में समुचित ध्यान रखा जाना जरूरी है। **2018 में बना था जल विवाद न्यायाधिकरण**- महानदी जल बंटवारे के विवाद के समाधान के लिए वर्ष 2018 में महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया था। इसके समानांतर दोनों राज्यों और केंद्र के स्तर पर राजनीतिक संवाद तथा तकनीकी विमर्श भी चलता रहा है। गुरुवार की बैठक को इसी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक में संवाद और तकनीकी विचार-विमर्श जारी रखते हुए पारस्परिक सहमति से स्थायी समाधान तलाशने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

हीराकुंड के हितों ....

पारदर्शी तरीके से साझा करने और वैज्ञानिक आधार पर निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित होनी चाहिए।

केंद्र की पहल ...

तथा विकास संबंधी आवश्यकताओं का समग्र अध्ययन जरूरी है। तकनीकी स्तर पर तथ्य स्पष्ट और राजनीतिक स्तर पर संवाद जारी रहे तो दोनों राज्यों को स्वीकार्य समाधान निकाला जा सकता है।

बारिश में डूबी टमाटर ....

पैदावारी होगी। इसी महीने में टमाटर के दाम औंधे मुंह गिर जाते हैं और मंडी में एक से दो रुपए किलो बिकता है। जिसकी वजह से किसान टमाटर तुड़वाई नहीं करवाते और मवेशियों के हवाले कर देते हैं। मौजूदा स्थिति में इस बार टमाटर का नया सीजन मंहगाई वाला हो सकता है।

प्रदेशभर में दुर्ग का धमधा है टमाटर हब

छत्तीसगढ़ प्रदेश में 4.99 लाख हेक्टेयर में साग-सब्जियों का उत्पादन हो रहा है। जिसमें अकेले दुर्ग जिले में ही टमाटर के अलावा करीब 8 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में साग-सब्जी लगाई गई है। दुर्ग जिले का धमधा क्षेत्र टमाटर का हब माना जाता है। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा 9514 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर लगाई गई है। इससे सालाना 1.90 लाख मिट्रिक टन टमाटर की पैदावारी होती है। यहां का टमाटर न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि दीगर राज्यों जैसे महाराष्ट्र में नागपुर, नासिक, उत्तरप्रदेश में नोएडा, दिल्ली और आंध्रप्रदेश में टमाटर एजेंटों के माध्यम से भेजा जाता है।

महंगा होगा नए ....

बाढ़ व भारी बारिश की वजह से ज्यादातर खराब हो गई है। इसलिए अब उसकी जगह नए पौधे लगाने पड़ रहे हैं। नए पौधे को तैयार होने में चार महीने लग जाएंगे। इसलिए इस ठंड के सीजन में जो फसल बच गई है उससे निकलने वाला टमाटर शुरूआती दौर में पिछले साल से मंहगा होगा।

देशभर में 176 दफा साइबर फ्राड...

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के दिशा-निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मानपुर विनोद कुमार मिंज के मार्गदर्शन एवं खड़गांव थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील त्रिपाठी एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक अब्दुल रियाज के नेतृत्व में जिला पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते एक बड़े अंतर्राज्यीय ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना खड़गांव पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते देशव्यापी नेटवर्क चलाने वाले मुख्य सरगना सहित कुल 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 0 **आरोपी लोकेशन बदल रहे थे** - पुलिस के अनुसार देश के अलग-अलग राज्यों की पुलिस टीमें लगातार इस शातिर गिरोह की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। जिला पुलिस की विशेष टीम ने सूझबूझ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर 30 सितंबर को मामले से जुड़े तीनों आरोपियों को धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी आदित्य रजक (मुख्य सरगना) कोननगर नवोग्राम थाना उत्तरपारा जिला हुगली पश्चिम बंगाल, कृष्णा चौधरी टीटागढ़ महावीर मंदिर के पास वार्ड नं 6 नार्थ 24 परगना व सुमन वर्मा टीटागढ़ महावीर मंदिर के पास वार्ड नं. 6 नार्थ 24 परगना पकड़े गए। सभी 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। बड़े अंतर्राज्यीय मामले का खुलासा करने में थाना खड़गांव से प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अब्दुल रियाज, सहायक उपनिरीक्षक धन सिंह महिलांगे, आरक्षक आशीष जोगी, नर्मदा प्रसाद पैकरा, महिला सहायक आरक्षक सरिता जाड़े और जिले की साइबर सेल की विशेष भूमिका रही

विभिन्न राज्यों में दर्ज है मामले...

मिजोरम व राजस्थान में 1-1 एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के नेटवर्क द्वारा अकेले जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थानों में कुल 31 शिकायतें दर्ज कराई गई थी। जिसमें अंबागढ़ चौकी थाना में 15 शिकायतें, खड़गांव में 9, मोहला में 3 शिकायतें, मानपुर में 2, गोटाटोला में 1 व मदनवाड़ा में 1 शिकायत दर्ज है।

पुलिस जांच में चौंकाने...

इस्तेमाल कर आरोपियों ने देशभर के मासूम लोगों को अपना शिकार बनाया। जांच में यह बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस अकेले खाते के जरिये देश के 1 लाख 71 हजार से अधिक लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिससे जुड़े देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 176 आपराधिक प्रकरण पहले से पंजीकृत हैं।

बैटरी के करंट से मादा ...

इसी दौरान मादा शावक धान की फसल खाने के लिए बाड़ी के पास पहुंची और उसका पैर व सूंड झटका तार में फंस गई। प्रयासों के बावजूद वह खुद को तार से नहीं छुड़ा सकी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। **पांच डॉक्टरों ने किया पोस्टमार्टम**- मादा हाथी शावक के शव का वन विभाग के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में पांच डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद विभाग ने अंतिम संस्कार कराया। वन विभाग ने हाथी विचरण क्षेत्र के किसानों से खेतों में करंट प्रवाहित झटका तार नहीं लगाने की अपील की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे तार लगाए पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों से जंगल और हाथियों के आसपास नहीं जाने तथा जंगल के रास्तों से आवागमन के दौरान सावधानी बरतने कहा गया है। घटनास्थल पर वन मंडल अधिकारी लोकनाथ पटेल, एसडीओ सपना मुखर्जी, वन परिक्षेत्र अधिकारी फेकू चौबे सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सर्भी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 57303 की देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इन्टरप्राइजेस, GF-26, अम्बे अंजनी ई-प्लाजा, सीएमडी कॉलेज चौक, लिंक रोड बिलासपुर 9425530470, 9826598526 **(41991)**

आवश्यकता है- अनुभवी, निष्ठावान ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे ऑटोमैटिक कार चलाना आता हो। किसी भी प्रकार का व्यसन नहीं करता हो। आवश्यकता अनुसार रहने, भोजन की सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क करें- 9827156675 **(41984)**

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कम्प्यूटर आपरेटर एवं लोकल में माल छोड़ने के लिए लड़के की आवश्यकता है। केवल लड़के ही सम्पर्क करें- शारदा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(41993)**

आवश्यकता है-रायपुर सिविल लाइन्स स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह तक सुविधाएं रहने की व्यवस्था है स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें- 9109972720, 91091 25252 **(084)**

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 **(17358)**

आवश्यकता है- कस्ट्रक्शन साईट पर कार्य हेतु स्टोर मैनेजर एवं ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस मैनेजर (युवक/ युवती) चाहिए अनुभव 3वर्ष से अधिक सम्पर्क करें- श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शंस बिलासपुर 79740 86925, 9993120709 (व्हाट्स एप्प- 99079 25045) **(41994)**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रानिक्स शोरूम में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Haier Showroom राजीव गांधी चौक बिलासपुर 90988 44447 **(41992)**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल, मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर **(41995)**

आवश्यकता है- Busy सॉफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन- 10000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार हरिभूमि के पास रिंग रोड नम्बर- 2, गौरव पथ बिलासपुर 9329941444 **(41973)**

आवश्यकता है- खेती बाड़ी कार्य करने हेतु फैमली वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनो मिलाकर तनख्वा 14000/- संपर्क 9754293974 **(41981)**

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में सामान पैक करने, लाने, लेजानेss हेतु लड़कों की आवश्यकता है योग्यता- 10वीं वेतन- 10000 सम्पर्क- मातुश्री ट्रेडिंग, वेस्ट साइड शोरूम के बाजू, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर **(41985)**

आवश्यकता है- मंगला सुपर बाजार में सफाई पैकिंग कार्य हेतु फीमेल, मेल कर्मचारी 2पद, मेल हमाली कार्य हेतु 1पद, कम्प्यूटर कार्य हेतु 1पद चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9827998640, 7648086615 **(41982)**

आवश्यकता है- फील्ड सुपरवाइजर, मार्केटिंग सेल्स मैनेजर, ई रिक्शा ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177, 78058 84040 **(1593)**

आवश्यकता है-100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली Righteous Limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/ लड़कियों का चयनकर 11000 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 95840 00909, 8435803535, 7067084579 **(20652)**

आवश्यकता है- थोक पुस्तक दुकान में मेहनती कार्य हेतु युवक चाहिए (टाइमिंग सुबह 11बजे से रात्रि 10बजे) वेतन- 9000 पता- देवांगन बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, शिव टॉकीज रोड, बिलासपुर 9827178655 **(41956)**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़, ओड़सी में सेल्स/मार्केटिग हेतु फ्रेशर्स की आवश्यकता है ट्रेक्टर एक्सेसरीज में कार्य करने वाले व्यक्ति कमीशन पे काम के लिए सम्पर्क करे फ़ोन 9977454909 समय सुबह 9 से शाम 7 **(26435)**

आवश्यकता है-रियल इस्टेट आफिस में टेलीकॉलिंग, मार्केटिंग हेतु युवक, युवतियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक दिया जाएगा सम्पर्क करें- गणपति होम्स गीता पैलेस भवन के सामने उसलापुर 78288 92113 **(41969)**

आवश्यकता है- काम करने वेटर, झाड़ू पोछा, साफ सफाई कार्य (18वर्ष से ऊपर) पुरुष कर्मचारी चाहिए। वेतन 10000 ग्रामीणों को निःशुल्क भोजन, आवास सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 **(41958)**

आवश्यकता है-दुकान आकर सिलाई करने के लिए महिला/ लड़की, लड़का (कार चलाना आता हो), घरेलू कार्य हेतु महिला की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक कुम्हारपारा रोड बिलासपुर 9098973726 **(5464)**

आवश्यकता है- बर्तन दुकान में कार्य करने हेतु 2 लड़कों की। वेतन 4 अंको में, सम्पर्क करें- घरसंसार, नरेश बाजार के सामने, बजरंग कॉम्प्लेक्स के पास, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा बिलासपुर 79998 22285 **(41986)**

आवश्यकता है- रियल एस्टेट ऑफिस में टेली कॉलिंग एवं सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव (Female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 **(41950)**

आवश्यकता है- मंथली एवं लॉग टूर में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों और ऑफिस में कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बिलासपुर 9300672005 **(41980)**

आवश्यकता है-अतिशीघ्र आवश्यकता है (1) कम्प्यूटर ऑपरेटर 3, अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 15000 से 25000 (2) मार्केटिंग ऑफिसर 4, वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited कार्यालय- प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8720005500 **(815)**



आवश्यकता है- Busy एकाउंटिंग साफ्टवेयर ऑपरेटर युवक चाहिए (टाइमिंग सुबह 11बजे से 10बजे) वेतन 9000, पता- देवांगन बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, शिव टॉकीज रोड बिलासपुर 9827178655 (अपना रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें) **(41955)**

आवश्यकता है- रॉयल एनफिल्ड बुलेट गाड़ी बनाने हेतु मिस्त्री की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- K.C. ऑटो जोन जरहाभाठा बिलासपुर 9518758725 **(41974)**

नशा मुक्ति केन्द्र

नशा मुक्ति केन्द्र-सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665 **(41915)**

बेचना है

बेचना है- व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लॉट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफुट प्लॉट अतिशीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9630083740, 97706 76030 **(41989)**

बेचना है- काली ढाबा के पास रायपुर मेन रोड से मात्र 500 मीटर अन्दर हिर्री माइंस रोड में कमर्शियल, रेसिडेंशियल जमीन काफी कियाफती दर में बिक्री हेतु उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9329111632 **(41988)**

बेचना है- अशोक नगर, सरकंडा में 1080 वर्गफुट मे 400 वर्गफुट खाली डायवर्ट जमीन के साथ मात्र 28.50 लाख रुपये में, अन्नपूर्णा कॉलोनी में 1500 वर्गफुट मात्र 1650/- में, न्यूइंडिया स्कूल के पास 900 वर्गफुट मात्र 1200/- में सम्पर्क करें- 7489846536 **(41990)**

बेचना है-(1) 2BHK फ्लैट टिपटॉप फर्स्ट फ्लोर ऋषभ अपार्टमेंट जबड़ापारा नया सरकंडा में (2) 10×10=100 फुट दुकान छत नहीं मेंसवियर हेतु उचित गोधू चौक के पास सिंधी कालोनी में सम्पर्क- 9131242092 **(41975)**

बेचना है-व्यापार विहार रोड में अज्ञेय नगर में ओमकेश्वर मन्दिर के पास प्लाट एरिया 50×40 वर्गफुट पूरे में बना सर्व सुविधायुक्त डबल स्टोरी मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9755146275 **(41968)**

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 **(41750)**

बेचना है- तोरवा गुरुनानक चौक स्थित जे.जे. हॉस्पिटल के पास 1619 वर्गफुट में निर्मित 5 दुकानें एवं बसन्त विहार के पास 11×20 फर्स्ट फ्लोर पर ऑफिस अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 9301186703 **(41929)**

किराया

किराया- मेन रोड, दयालबंद में 2800 वर्ग फुट का हाल एवं 1000 वर्ग फुट की दुकान किराए से देनी है। सम्पर्क करें- 9575310926, 95225 22222 **(41976)**

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी व

एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आखिरी मिनट में गोल दागकर अभिषेक ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा



दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम लचर प्रदर्शन के बावजूद आखिरी मिनट में अभिषेक के गोल की मदद से बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। भारत ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन दूसरा हाफ पाकिस्तान के नाम रहा जिसने तीन गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूटआउट तक जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले अभिषेक ने गोल करके भारत को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल शनिवार को खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना मलेशिया या कोरिया से होगा।

पहले हाफ के बाद भारत ने बनाई 3-1 से बढ़त

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और 5वें मिनट में ही बढ़त बना दी। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह ने गोल करके खाता खोल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने ही 13वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर को फिर गोल में तब्दील किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 23वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-0 किया। भारत के दबदबे के बाद दूसरे क्वार्टर में अबु मोहम्मद ने गोल किया। उन्होंने मैच के 30वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया।

रोचक रहा दूसरा हाफ

तीसरे क्वार्टर के दौरान 36वें मिनट में पाकिस्तान ने बाएं छोर से गोल करने का प्रयास किया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने अपनी मुस्तैदी से असफल किया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले शाहिद हनान ने एक गोल करके स्कोर 2-3 कर दिया। वहीं चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पाकिस्तान से वाहिद राणा ने गोल करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी मिनट में अभिषेक ने गोल करते हुए भारत को 4-3 से जीत दिलाई।

1998 के बाद भारत के लिए हुआ ये कारनामा

भारतीय महिला हॉकी टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऐसे में 1998 के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमें फाइनल में पहुंची थी। बता दें कि 1998 में हांगकांग खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनल्टी में हराते हुए स्वर्ण जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम को फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार मिली थी।

भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीम को कांस्य पदक



नागोया। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम का बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता में अपना खिताब बचाए रखने का सपना टूट गया और सेमीफाइनल में मलेशिया से 1-2 से हारने के कारण उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम भी तन्वी खन्ना की शानदार वापसी के बावजूद हांगकांग से 1-2 से हार गई और उसने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक से किया। महिला वर्ग में स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह की पहले मैच में हार निर्णायक साबित हुई। स्क्वाश में कुल मिलाकर भारत ने एकल में दो रजत पदक, टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक और मिश्रित युगल में एक कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

सेफा. में सिर्फ तनवी ने ही जीता मैच

भारत से अनाहत सिंह हांगकांग के चान सिन युक से 2-3 से हार गईं। शुरुआती 2 गेम अनाहत ने 11-9, 11-8 से जीते, लेकिन इसके बाद चान ने वापसी करते हुए अगले 3 गेम अपने नाम किए। दूसरे मुकाबले में तनवी खन्ना ने बराबरी दिलाई। उन्होंने अपने से बेहतर रैंक वाली ली का यी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हो जेलोक के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

स्क्वाश में भारत ने जीता चौथा पदक

एशियाई खेल 2026 में यह भारत को स्क्वाश में मिलने वाला कुल चौथा पदक है। उनसे पहले पुरुष एकल के फाइनल में अभय सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में मलेशिया के एन यो एनजी ने अभय को 3-0 से हराया। अनाहत को भी महिला एकल वर्ग में रजत मिला। वहीं, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ 1-2 से हार मिली और कांस्य पदक से संतोष किया।

भारत का सेपकटेकरा में पदक पक्का



नागोया। भारत का एशियाई खेलों की सेपकटेकरा पुरूष 'क्वाड्रेंट' स्पर्धा में पदक पक्का हो गया जब टीम म्यामांर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अपना अजेय अभियान कायम रखते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने म्यामांर को 10-15, 15-13, 15-7 से हराया। इससे पहले वियतनाम को 15-12, 15-9 से मात दी थी। ग्रुप बी में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जायेगा।

फ्रांसिस और नोबल ने पुरुष स्किफ में रजत पदक जीता



गामागोरी सिटी। भारतीय जोड़ी मनु फ्रांसिस और कुरिसिंकल नोबल ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की सेलिंग प्रतियोगिता में पुरुष स्किफ की नौवीं रेस में रजत पदक जीता। फ्रांसिस और नोबल ने नौ रेस के बाद कुल 23 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे। दोनों भारतीय खिलाड़ी जो एर्नाकुलम के रहने वाले और आपस में ममेरे भाई हैं। चीन की जोड़ी ने 16 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में सबसे कम कुल अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। चीन की टीम में वेन जैंडिंग और लियू तियान शामिल थे। हांगकांग चीन के अकिरा ल्यूक साकाई और रसेल आयल्सवर्थ ने 24 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

क्या होता है स्किफ सेलिंग खेल

पुरुष स्किफ सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और कुल अंक सबसे कम होने पर जीत दर्ज होती है। स्किफ छोटी और हल्की नौकाएं होती हैं।

विनाशकारी बाढ़ में खो गया नोबल का परिवार

केरल में 2018 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले मछुआरे के बेटे नोबल ने कहा कि अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना विशेष एहसास है। नोबल ने फाइनल के बाद कहा यह कड़ी प्रतियोगिता थी और हमने रजत पदक जीत लिया।''दोनों मुंबई स्थित आर्मी यॉटिंग नोड में प्रशिक्षण लेते हैं। फ्रांसिस ने कहा, ''यह बहुत कठिन था। हवा तेज थी। हम तेज हवा वाली परिस्थितियों में ज्यादा सहज नहीं हैं। लेकिन हम टिके रहे और किसी तरह रजत पदक जीत लिया।

खबर संक्षेप



यिबिंग के खिलाफ हारे नागल टेनिस में अभियान समाप्त

नागोया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को बृहस्पतिवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा जिससे एशियाई खेलों में भारत का टेनिस अभियान बिना किसी पदक के समाप्त हो गया। यिबिंग ने 29 वर्षीय नागल को एक घंटे 38 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इसके साथ ही भारत का टेनिस अभियान पदक के बिना समाप्त हो गया। यह 1986 के बाद पहली बार है जब भारत एशियाई खेलों में टेनिस का एक भी पदक नहीं जीत सका।

भारत की वनडे टीम में कंबोज टी20 के लिए धीर शामिल



गुवाहाटी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मुल्लांपुर में शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर टीम में शामिल किया गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी बाहर करने का फैसला किया। यह फैसला न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सुंदर अब तमिलनाडु के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। कंबोज फिलहाल पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेल रहे हैं।



नितेश ने रजत जीता, भारत का ग्रीको रोमन में चैंपियन का इंतजार जारी

नागोया। नितेश सिवाच को बृहस्पतिवार को यहां जापान के यूरी नाकाजातो से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियाई खेलों में ग्रीको रोमन शैली के चैंपियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। नितेश आखिर में 0-4 से हार गए। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1962 में मालवा सिंह (52 किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (97 किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे।



ऐसा रहे दोनों के दांवपेंच

नाकाजातो ने पहले पीरियड के अंत तक 2-0 की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लॉक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया।

तीरंदाजी

गणेश ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य



एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया। भारत के 20 वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 तीर 10 अंक पर लगाए। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ 144-148 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

भारतीय तीरंदाज मुमकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः 29-30, 29-30, 29-28, 29-30, 28-30 से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को 148-138 से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उनका स्कोर 29-28, 29-28, 30-29, 30-26, 30-27 रहा।

चिकिता पदक की हैट्रिक से चूकीं

चिकिता तनीपार्थी हालांकि कंपाउंड वर्ग में पदक की हैट्रिक बनाने से चूक गईं। उन्होंने बुधवार को महिला टीम और मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते थे। हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में उन्हें इंडोनेशिया की नुरिसा दियान अशरीफाह के हाथों 143-144 से हार का सामना करना पड़ा। पांचवें चरण के पहले शॉट में आठ अंक हासिल करने का चिकिता को खामियाजा भुगतना पड़ा और अंततः उन्होंने एक अंक के अंतर से मुकाबला गंवा दिया।

प्रणवी के 63 के कार्ड से भारत दोहरे पदक की दौड़ में

एजेंसी ▶▶| नागोया



भारतीय गोल्फर प्रणवी शरथ उर्स ने एशियाई खेलों की महिलाा गोल्फ प्रतियोगिता के दौरान सात अंडर 63 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह अकेले दूसरे स्थान पर बनी हुइ हैं। वह सिंगापुर की शैनोन टान से दो शॉट पीछे हैं।

उन्होंने पहले छह होल में चार बर्डी लगाईं और 13वें से 16वें होल के बीच शानदार प्रदर्शन में तीन और बर्डी जोड़ीं और 63 के स्कोर ने उन्हें दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। प्रणवी अब शुक्रवार को तीसरे दौर में फाइनल ग्रुप में खेलेंगी। अभी 36 होल का खेल बाकी है। भारत अचानक पदकों की दौड़ में शामिल हो गया है संभवतः व्यक्तिगत और टीम दोनों में स्वर्ण पदक के लिए।

महिला टीम कांस्य पदक की स्थिति में

उनके शानदार प्रदर्शन ने महिला टीम प्रतियोगिता का भी रुख बदल दिया, जिससे भारत सात अंडर-पार 273 के स्कोर के साथ कांस्य-पदक की स्थिति में पहुंच गया। दीक्षा डागर (71-73) संयुक्त 21वें और अदिति अशोक (71-74) संयुक्त 25वें स्थान पर रहीं। प्रत्येक दौर में टीम पदकों के लिए दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर गिने जाते हैं। प्रणवी का दो दौर का कुल स्कोर 11 अंडर पार 129 है जिससे वह शीर्ष से सिर्फ दो शॉट पीछे हैं।

भारतीय जूडोका इनुंगम्बी कांस्य का मुकाबला हारीं

नागोया। भारतीय जूडोका इनुंगाम्बी टी एशियाई खेलों में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में मंगोलिया की अनुजिन उरान उलजी से कांस्य पदक का मुकाबला हार गई। अनुजिन ने चार मिनट के मुकाबले के बाद वाजा आरी से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में इनुंगम्बी ने अनुजिन के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया। वीडियो रिव्यू से स्कोरबोर्ड बदलने तक किसी भी खिलाड़ी ने स्कोर नहीं किया था, जिससे अनुजिन को फ्लिप के लिए युको मिल गया और मंगोलियन फाइटर 2-0 से आगे हो गई।



वनडे विश्व कप 2027 का शेड्यूल जारी

वनडे विश्व कप में पाक से 10 अक्टूबर को भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2027 इस बार दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में संयुक्त रूप से होना है। लंबे अंतराल के बाद अफ्रीकी धरती पर होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने शेड्यूल की घोषणा की है। अगले वर्ष 2 अक्टूबर 2027 से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। विश्व कप में 17 नवंबर को पहला सेमीफाइनल मैच केप टाउन में खेला जाएगा। इसके बाद 18 नवंबर को सेंचुरियन में दूसरा सेमीफाइनल मैच होना है। इसके बाद 21 नवंबर को जोहांसबर्ग में फाइनल मैच खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम अपने अभियान का आगाज 7 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से करेगी। वहीं 10 अक्टूबर को भारत की भिड़ंत पाकिस्तान से होगी।

ऐसा है भारतीय टीम का कार्यक्रम

भारत के साथ ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे और क्वालिफायर-ए की टीमें होंगी। भारत 10 अक्टूबर को पाकिस्तान, 14 को अफगानिस्तान और 17 को क्वालिफायर-ए के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में मेजबान जिम्बाब्वे से 24 अक्टूबर को भिड़ेगी। वहीं ग्रुप-बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, और क्वालिफायर-रबी की टीमें शामिल हैं। 24 अक्टूबर को ग्रुप स्टेज के मैच समाप्त होंगे।



आईसीसी ने प्रारूप में किया है बदलाव

वनडे विश्व कप 2027 के प्रारूप को लेकर आईसीसी ने बड़ा बदलाव किया है। अब 14 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। सबसे निचली रैंकिंग वाली 3 टीमें पहले 'सुपर सीरीज' खेलेगी। इस चरण से एक टीम मुख्य ग्रुप में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीमों को 6-6 के 2 समूहों में बांटा जाएगा। शीर्ष 3-3 टीमें और दोनों ग्रुप की चौथी सर्वश्रेष्ठ टीम 'सुपर 7' के लिए क्वालीफाई करेगी। 'सुपर 7' से शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल में जाएगी।

'सुपर-7' चरण में खेले जाएंगे 21 मैच

नए प्रारूप के तहत ग्रुप चरण के बाद पहली बार 'सुपर-7' चरण खेला जाएगा। 12 टीमों के बीच 30 ग्रुप मैच होंगे। वहीं, सुपर-7 में 21 मुकाबले खेले जाएंगे। आईसीसी ने प्रारूप में बदलाव का फैसला टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से किया है। दक्षिण अफ्रीका के 8 मैदानों में 2027 क्रिकेट विश्व कप के अधिकांश मुकाबले खेले जाने हैं। इसके अलावा जिम्बाब्वे के 3 और नामीबिया के एक मैदान पर मैच होने हैं।

10 टीमों को मिलेगा सीधे प्रवेश: दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने सह-मेजबान होने के कारण विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, मेजबान होने के बावजूद नामीबिया को स्वतः क्वालीफिकेशन नहीं मिलेगा क्योंकि वह आईसीसी की पूर्ण सदस्य टीम नहीं है। इसके अलावा 8 टीमें 30 सितंबर 2026 की वनडे रैंकिंग के आधार पर सीधे क्वालीफाई करेंगी। इस समय भारत वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर है।

भारतीय ट्रैक साइकिल चालक ओमनीम स्प्रिंट व मैडिसन स्पर्धाओं में बाहर

नागोया। भारतीय साइकिल चालक पुरुषों के ओमनीम, महिलाओं की स्प्रिंट और मैडिसन स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और एशियाई खेलों की इस प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को जल्दी बाहर हो गए। हर्षवीर सिंह सेखों ने पुरुषों के ओमनीम के चारों प्रकार स्क्रैच रेस, टेम्पो रेस, एलिमिनेशन रेस और पॉइंट्स रेस में भाग लिया लेकिन वह 10वें स्थान पर रहकर बाहर हो गए। महिलाओं की स्प्रिंट स्पर्धा में कीर्ति रंगास्वामी चिक्का और सेलेस्टिना दोनों ने क्वालीफाइंग राउंड पार करके अंतिम 16 में जगह बनाई थी लेकिन वह इससे आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय खिलाड़ियों ने महिला मैडिसन फाइनल में भी हिस्सा लिया लेकिन हर्षिता जाखड़, स्वास्ति सिंह और मीनाक्षी की भारतीय टीम रेस पूरी नहीं कर पाई। भारत का ट्रैक साइकिलिंग में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे अभी साइकिलिंग की कुछ अन्य स्पर्धाओं में भी भाग लेना है।

3 किमी की दूरी के लिए चलती है ये ट्रेन, सिर्फ 7 मिनट में सफर हो जाता है पूरा

नई दिल्ली। भारत का रेलवे नेटवर्क दुनिया के बड़े रेल नेटवर्क में शामिल है। देश के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने वाली ट्रेनें हर दिन लाखों लोगों के लिए सफर आसान बनाती हैं। किसी ट्रेन को अपनी मंजिल तक पहुंचने में कई घंटे लगते हैं, तो कुछ ट्रेनें पूरी रात या उससे भी ज्यादा समय तक चलती हैं। ऐसे में अगर कोई कहे कि एक ट्रेन सिर्फ 3 किलोमीटर चलकर अपनी यात्रा पूरी कर लेती है, तो शायद आपको थोड़ा अजीब लगे। लेकिन, महाराष्ट्र में ऐसा रेल रूट मौजूद है। नागपुर जंक्शन से अजनी के बीच ट्रेन का सफर करीब 3 किलोमीटर का है और इसे तय करने में आमतौर पर करीब 7 से 9 मिनट लगते हैं। इतनी कम दूरी और इतने कम समय की वजह से यह रूट लोगों के बीच खास दिलचस्पी का विषय रहता है।

सिर्फ 3 किमी की दूरी, कुछ ही मिनट में खत्म सफर

सोचिए, आप ट्रेन में चढ़े, अपनी सीट ढूंढी, सामान रखा और खिड़की से बाहर का नजारा देखने लगे। अभी आप ठीक से बैठ भी नहीं पाए कि ट्रेन अगले स्टेशन पर पहुंच गई। नागपुर और अजनी के बीच की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। अलग-अलग ट्रेनों के हिसाब से इस दूरी को तय करने में करीब 7 से 9 मिनट लग सकते हैं। यानी कई बार यात्रियों को ट्रेन में बैठते ही उतरने की तैयारी करनी पड़ जाती है। इसी वजह से यह छोटा सा रेल सफर लोगों के बीच काफी चर्चा में रहता है। भारतीय रेलवे के लंबे-चौड़े नेटवर्क में इतनी कम दूरी का सफर अपने आप में अलग नजर आता है।

आखिर कौन करता है इतनी छोटी यात्रा?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब नागपुर और अजनी के बीच दूरी इतनी कम है, तो कोई ट्रेन से क्यों जाएगा? दरअसल, इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह दूरी सिर्फ किलोमीटर का आंकड़ा नहीं है। नागपुर एक बड़ा शहर है और यहां बड़ी संख्या में लोग नौकरी, पढ़ाई और दूसरे कामों के लिए रोजाना यात्रा करते हैं। ऐसे में कुछ यात्रियों के लिए ट्रेन का यह छोटा सफर सुविधाजनक हो सकता है।



7 मिनट के सफर का कितना है किराया?

इस 7 मिनट के सफर का किराया भी आपको हैरान कर सकता है। अगर आप जनरल डिब्बे में सफर करते हैं, तो आपको सिर्फ 60 रुपए चुकाने होंगे। वहीं, अगर आप फर्स्ट क्लास एसी में सफर करना चाहते हैं, तो महज 3 किलोमीटर की इस यात्रा के लिए आपको 1,255 रुपए तक देने पड़ सकते हैं। नागपुर-अजनी का यह छोटा रेल सफर यह भी दिखाता है कि रेलवे का महत्व सिर्फ लंबी दूरी तय करने में नहीं है।

1853 में चली थी देश की पहली पैसेंजर ट्रेन

भारतीय रेलवे का इतिहास भी काफी दिलचस्प है। देश में पहली यात्री ट्रेन 1853 में मुंबई के बोरीबंदर से ठाणे के बीच चली थी। इस ट्रेन ने करीब 34 किलोमीटर की दूरी तय की थी। उस समय ट्रेन से सफर करना लोगों के लिए बिल्कुल नया अनुभव था। वहीं, आज भारतीय रेलवे का नेटवर्क देश के दूर-दराज इलाकों तक पहुंच चुका है। इसी विशाल नेटवर्क में नागपुर से अजनी के बीच का करीब 3 किलोमीटर का सफर एक अलग ही तरह की मिसाल है।

भूकंप आते ही हवा में उड़ेंगे ये घर
जापानी कंपनी ने बनाए फ्यूचर हाउस

टोक्यो। जापान में भूकंप आम बात है। ऐसे में जापान ने भूकंपरोधी घर बनाने का दावा किया है। जिसमें भूकंप आने पर ये घर जमीन से थोड़ा ऊपर उठ जाते हैं। ताकि उन्हें सुरक्षित रखा जा सके. मशहूर उद्योगपति हर्ष गोयनका ने अपने एक्स हैंडल से इस घर की तस्वीर साझा की है। जापानी कंपनी 'एयर दानशिन सिस्टम्स इंक' ने तबाही से बचने ये मॉडल तैयार किया है। यह तकनीक भूकंप आते ही आपके पूरे घर को जमीन से ऊपर हवा में उठा देती है, ताकि नीचे मची तबाही का असर आपके घर पर न पड़े।

कम खर्च में तैयार हो सकते हैं ऐसे घर

इस अनोखी तकनीक के आविष्कारक शोइची साकामोटो हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह तकनीक पारंपरिक भूकंप-रोधी सिस्टम की तुलना में सिर्फ एक-तिहाई खर्च में तैयार हो जाती है। यानी सुरक्षा के साथ जेब पर बोझ भी कम होता है। बिजली कटने पर भी यह सिस्टम काम करता रहे, इसके लिए इसमें पावरफुल बैटरी बैकअप दिया गया है। कंपनी ने इसका एक लाइव टेस्ट भी किया। एक घर के अंदर मेज, कुर्सी और कांच के नाजुक वाइन ग्लास रखे गए और कृत्रिम भूकंप के तेज झटके दिए गए। जैसे ही झटका आया, घर हवा में उठ गया और अंदर रखी एक भी चीज अपनी जगह से नहीं हिली। जापान में इस समय करीब 90 घरों में यह सिस्टम सफलतापूर्वक काम कर रहा है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ इसे लेकर थोड़े सतर्क भी हैं। उनका कहना है कि यह तकनीक हल्के और मध्यम झटकों में तो कमाल का काम करती है, लेकिन अगर भूकंप बहुत विनाशकारी और हर दिशा से हिलाने वाला हुआ, तो क्या यह सिस्टम उसे संभाल पाएगा?



कैसे काम करती है ये तकनीक

इस भूकंपरोधी घर के पीछे का विज्ञान बेहद सीधा और सरल है। दरअसल, होता यह है कि घर के नीचे एक खास एयर चैंबर (हवा का बेस) बनाया जाता है, जो सामान्य दिनों में शांत रहता है। जैसे ही जमीन के नीचे हलचल होती है, घर में लगे सेंसर्स तुरंत इसे भांप लेते हैं। मात्र 0.5 से 1 सेकंड के भीतर एयर कंप्रेसर चालू होता है और घर के नीचे हवा का एक मजबूत कुशन बन जाता है। यह हवा पूरे मकान को जमीन से लगभग तीन सेंटीमीटर ऊपर उठा देती है। जब तक भूकंप के झटके चलते हैं, घर हवा में तैरता रहता है और जमीन की थरथराहट ऊपर तक नहीं पहुंचती। झटका खत्म होते ही घर वापस धीरे से अपनी जगह पर आ जाता है।

118 साल से खड़ा है वह इमली का पेड़ जिसने बाढ़ में 150 लोगों की बचाई थी जान

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के अफ़ज़लगंज स्थित ऐतिहासिक उस्मानिया जनरल अस्पताल परिसर में आज भी एक विशाल और पुराना इमली का पेड़ पूरी शान और मजबूती के साथ खड़ा है। आम राहगीरों के लिए यह देखने में भले ही एक सामान्य और पुराना पेड़ लगे, लेकिन इसका इतिहास शहर की सबसे बड़ी और खौफनाक प्राकृतिक आपदा से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह वही ऐतिहासिक और चमत्कारी पेड़ है, जिसकी मजबूत डालियों ने आज से करीब 118 साल पहले आई मूसी नदी की भीषण बाढ़ में लगभग 150 लोगों को मौत के मुंह से खींचकर उन्हें नई जिंदगी दी थी। इस ऐतिहासिक पेड़ और उस खौफनाक रात की कहानी बताते हुए उस्मानिया जनरल अस्पताल के शमीम खान पाशा कहते हैं कि तारीख थी 28 सितंबर 1908। उस दिन हैदराबाद में मूसलाधार बारिश आफत बनकर टूटी थी। लगातार और भारी बारिश के चलते शहर के बीचों-बीच बहने वाली मूसी नदी उफान पर आ गई और उसने अपने किनारे तोड़ दिए। देखते ही देखते शहर की घनी बस्तियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं और सैलाब ने रौद्र रूप ले लिया। पानी का बहाव और रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को संभलने या सुरक्षित जगहों पर भागने तक का मौका नहीं मिला। चारों तरफ केवल पानी, तबाही और चीख-पुकार का खौफनाक मंजर था।



रातभर डालियों को पकड़े रहे लोग, सुबह थमी बारिश

पूरी रात मूसलाधार बारिश होती रही। लोग बुरी तरह भीगे हुए, ठंड से कांपते हुए और खौफ के साए में पेड़ की डालियों को मजबूती से पकड़े रहे। नीचे मूसी नदी का उफनता मटमैला पानी सब कुछ बहा ले जाने पर आमादा था, लेकिन इस दरख़्त (पेड़) ने किसी भी शरणार्थी का साथ नहीं छोड़ा और अपनी जड़ों पर मजबूती से टिका रहा। अगली सुबह जब बारिश थमी और नदी का जलस्तर नीचे उतरा, तब जाकर सभी लोग सुरक्षित नीचे आ सके।

मानव जीवटता और संघर्ष का जीवंत दस्तावेज है तैरता हुआ गांव

बैंकाक। दुनियाभर में ऐसी कई जगहें हैं, जिन्हें देखकर हैरानी होती है। इनमें से कोई जगह दुनिया में सबसे ठंडा माना जाता है, तो कहीं पर लोग बादलों के ऊपर रहते हैं। लेकिन, आज हम आपको दुनिया के एक ऐसे अनोखे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जो जमीन पर नहीं, बल्कि पानी के ऊपर बसा है। पूरा का पूरा गांव पानी के ऊपर तैरता है। हम बात कर रहे हैं थाईलैंड की एक शांत खाड़ी में विशाल चूना पत्थर की चट्टानों की छांव में स्थित को पन्याई गांव की, जो किसी आश्चर्य से कम नहीं है। पानी पर बसा यह अनोखा आशियाना और यहां के लोगों का जीवट इतिहास आज हर किसी के लिए एक बड़ी मिसाल बन चुका है।



यहां पर ज्यादातर मछुआरे रहते हैं, जो मछली पकड़कर अपना जीवनयापन करते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर इनके घर पानी के ऊपर कैसे बने होंगे? तो बता दें कि दक्षिण थाईलैंड की पंग नगा खाड़ी के उथले और शांत पानी के कारण मछुआरों ने पानी के ऊपर मजबूत खंभों पर अपने घर बनाए हैं। हालांकि, इस गांव की रीढ़ आज भी मछली पकड़ने का व्यवसाय ही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से पर्यटन ने स्थानीय लोगों की आजीविका को एक नया संबल दिया है।

डेढ़ हजार से ज्यादा लोग रहते हैं

आज इस तैरती हुई बस्ती में लगभग तीन सौ से अधिक परिवार और डेढ़ हजार से ज्यादा लोग स्थायी रूप से निवास करते हैं। इन सभी की जड़ें इंडोनेशिया से जुड़ी हुई हैं, जो करीब दो सौ साल पहले समंदर पार करके यहां आए थे। पुराने समय में थाईलैंड के कानून के मुताबिक विदेशियों को जमीन खरीदने की अनुमति नहीं थी। इसी कानूनी मजबूरी के चलते तोह बाबू और उनके साथियों ने जमीन पर कब्जा करने के बजाय समंदर के भीतर खंभों पर अपने आशियाने खड़े कर दिए थे। वक्त के साथ पीढ़ियां बदलीं और यह छोटा सा पड़ाव एक संपन्न तथा आत्मनिर्भर गांव में तब्दील हो गया।

वो खतरनाक मछली, जो भारत में है प्रतिबंधित ! मुनाफा देती है दोगुना

नई दिल्ली। मछली पालन से कई किसानों की जिंदगी में बदलाव आया है। ऐसे में कई ऐसी देसी और विदेशी प्रजाति है, जो किसानों को कम समय में मुनाफा कमा कर देती है। लेकिन, कुछ ऐसी मछलियां है, जिस पर भारत सरकारी ने उन



मछलियों को पालने पर प्रतिबंध लगाया है। इसी में से एक है थाई मांगुर है। इसे कैट फिश भी कहते हैं। यह मछली पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक है, इसलिए इस मछली पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन, अब ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां पर लोग इसकी खेती चोरी-छिपे करते हैं। लेकिन, आपके मन में एक सवाल उपज रहा होगा कि सरकार ने इस मछली पर प्रतिबंध लगाया है, तो लोग इसे क्यों पाल रहे हैं। क्या इसकी मार्केट में डिमांड है? थाई मांगुर मछली एक अफ्रीकी कैटफिश है। इसका वैज्ञानिक नाम क्लेरियस गैरी पीनस है। इसकी लंबाई तीन से पांच फीट तक होती है। यह एक ऐसी मछली है, जो खुली हवा में भी सांस ले सकती है। और तो और यह सूखी जमीन पर भी चल सकती है। यह कीचड़ वाली जगह में भी लंबे समय तक जिंदा रह सकती है। यह सड़े गले मांस का सेवन कर तेजी से बढ़ती है। यानी की इसके पालन के लिए ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं पड़ती है। यह स्थानीय मांगुर या फिर देशी मछलियों को अपना निशाना बनाती है। ऐसे में इसे शिकारी मछली भी कह सकते है। जहां पर 6 महीने सामान्य मछली का वजह सिर्फ 300 ग्राम होता है।

आखिर क्यों लगाया गया इस पर प्रतिबंध

साल 2000 में थाई मांगुर की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ था। ऐसे में यह शिकारी मछली देशी और शाकाहारी मछलियों का शिकार करती थी। यह मछली पूरी तरह से मांसाहारी है। ऐसे में इसकी बढ़ती तादाद भारत के जलीय जैव विविधता पर प्रभाव डाल रही थी। ऐसे में स्थानीय मछली की प्रजातियों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई थी। ऐसे में स्पष्ट रूप से पाया गया था कि इसके लिए थाई मांगुर ही जिम्मेदार है। ऐसे में नेशनल ग्रीन ट्रयूबनल ने साल 2000 में इस पर प्रतिबंध कर दिया था। इसके बाद से कई ऐसे में मामले है, जहां पर बड़े पैमाने पर इसकी खेती करते हैं। 1960 के दशक में अफ्रीकन थाई मांगुर मछली भारत आई। उस समय देश में सीधे तौर पर नहीं, लेकिन थाईलैंड और बांग्लादेश के रास्ते इस मछली को लाया गया। इसकी आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में भारतीय नस्ल की मछलियों की आबादी में गिरावट आई, जिसके बाद इस मछली को प्रतिबंधित कर दिया गया।

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

किडनी की देखभाल
विशेषज्ञों द्वारा, सही ईलाज
• नेफ्रोलॉजी • इंटेंसिव केयर
• डायलिसीस • गुर्दा प्रत्यारोपण
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल


घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care -9112637000, 9823286830

Divisa
www.divisastore.com
Made in India
Pride of India
जो चलते है सच्चाई की राह पर,
उनके कदम हमेशा मज़बूत रहते हैं
बापू कहा करते थे ''जो शरीर इस देश की मिट्टी से बना है, रोग-शोक में उसका उपचार भी तो इसी मिट्टी से मिलेगा''
इसी क्रम में दिविसा परिवार का भी अटूट विश्वास है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही सही अर्थों में स्वदेशी, आत्मनिर्भरऔर स्वावलम्बी बन सकते हैं। आइए, अपने भारत एवं खुद के भारतीय होने पर गर्व महसूस करें एवं साथ ही साथ 'आत्मनिर्भर भारत' की नेक पहल में भी भागीदार बनें। इसमें अपने बहुमूल्य योगदान की शुरूआत हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से करेंगे।
दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. के चिकित्सकीय उत्पाद डा. ऑर्थो, रूप मंत्रा, पेट सफा, सच्ची सहेली, इचकू, आई मंत्रा एवं एक्यूमॉस इत्यादि इसी प्रतिबद्धता के साथ प्रस्तुत किए गए हैं कि हम अपने हर उत्पाद को सच्चाई के साथ मजबूत करेंगे एवं राष्ट्रीय तरक्की में भागीदार बनेंगे।
'स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्रीय तरक्की में भागीदार बनो'
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर शत-शत नमन

संजीव जुनेजा
Scan QR Code & Get Extra 10% Discount, Use Coupon Code 'SWADESHI'
24x7 Helpline: 7876977777
www.divisastore.com

डा.ऑर्थो 8 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों से बना डा. ऑर्थो आपके घुटने, कंधे, कमर, गर्दन एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि है। जिसके परिणाम पहले दिन से दिखेंगे।
पेट सफा पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों को दूर करने में सहायक है। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।
रूप मंत्रा 12 प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बनी रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम, कैप्सूल, फेस वॉश, साबुन इत्यादि प्रोडॅक्ट संपूर्ण परिवार के लिए एक गुणकारी उपाय है। जोकि पूरी तरह सुरक्षित है।
सच्ची सहेली 67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना सच्ची सहेली आयुर्वेदिक टॉनिक व टैबलेट नारियों के लिए विशेष उपयोगी है। यह रोग प्रतिरोधिक क्षमता बढ़ाने व अन्य सामान्य समस्याओं में सहायक उपाय है।
आई मंत्रा 12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियां के योग से निर्मित आयुर्वेदिक 'आई मंत्रा' आई ड्रोप आँखों की समस्याएं जैसे आँखों में थकान, जलन, दर्द होना आदि को कम करने में सहायता करता है।
PREMIUM पेट सफा प्रीमियम पेट सफा ग्रैन्यूल्स में शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Cost किया गया है । यह इतना शुद्ध एवं आकर्षक है कि हर दाना अलग. अलग खनकता है ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, प्लॉट नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, प्लॉट नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com